उज्जैन
सोमवार
27
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-173
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



नेहा पेंडसे को सड़क पर शख्स ने पकड़ लिया था एक्ट्रेस ने डर के मारे चाबी शख्स की गाड़ी पर फेंक दी थी

पेज- 8

## नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर भिड़ंत, शादी से लौट रही कार के परखच्चे उड़े

# टवेरा और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 5 की मौत, 7 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› नर्मदापुरम

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई। हादसे में टवेरा सवार 5 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग घायल हुए हैं। सभी मृतक और घायल महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले थे। वे बुधनी में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनका इलाज जारी है। शवों का पोस्टमॉर्टम आज नर्मदापुरम में किया जाएगा।



### क्रासिंग के दौरान ट्रॉली के साइड से टकराई गाड़ी

पुलिस के अनुसार, टवेरा में सवार सभी लोग गांव के राघवेंद्र मोरप्पा की शादी में बुधनी गए थे। रात में महेंद्रवाड़ी लौट रहे थे। आंचलखेड़ा के पास नर्मदापुरम की ओर से अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। क्रासिंग के दौरान टवेरा ट्रॉली के साइड से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और राहगीरों व ग्रामीणों की मदद से घायलों व मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### अस्पताल में 5 को मृत घोषित किया, रात में लगी भीड़

जिला अस्पताल लाए जाने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। अन्य 6-7 घायलों का तुरंत उपचार शुरू किया गया। सूचना मिलते ही रात में जिला अस्पताल में लोगों और मृतकों के परिजनों की भारी भीड़ लग गई।

## केजरीवाल के दिवंगत रिश्तेदार के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया भ्रष्टाचार का मामला

# पूर्व मुख्यमंत्री की भूमिका की जांच शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एक बड़ी प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल देखने को मिली जब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक दिवंगत करीबी रिश्तेदार से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है। यह मामला एक सरकारी नाले के निर्माण के अनुबंध में हुई कथित अनियमितताओं और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ा है। सीबीआई की इस कार्रवाई ने एक बार फिर दिल्ली की राजनीति में भूचाल ला दिया है क्योंकि एजेंसी अब इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की संभावित भूमिका की भी गहराई से जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह मामला पहले दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा जांचा जा रहा था, लेकिन पिछले साल सितंबर में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी गंभीरता को देखते हुए इसे सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया



था, जिसके बाद आज औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मामले के मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेंद्र कुमार बंसल थे, जिनका निधन साल 2017 में हो चुका है। आरोप है कि बंसल ने साल 2015-16 के दौरान अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न कंपनियों के नाम पर सरकारी ठेके हासिल किए थे।

### जांच एजेंसी ने इस मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की

सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि बंसल ने 'कमल सिंह' नामक कंपनी सहित कई अन्य फर्जी संस्थाओं का उपयोग कर नाला निर्माण का अनुबंध प्राप्त किया और सरकार से भुगतान भी ले लिया, जबकि धरातल पर काम कभी पूरा ही नहीं किया गया। जांच एजेंसी ने इस मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें से एक में कमल सिंह को मुख्य आरोपी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि बंसल ने 'भारद्वाज एंटरप्राइजेज' के नाम से फर्जी चालान (इनवॉइस) तैयार किए और इनके जरिए सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का चूना लगाया। सीबीआई की जांच में एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी सामने आया है कि बंसल को यह काम बाजार दर से लगभग 46 प्रतिशत कम कीमत पर आवंटित किया गया था।


## ट्रम्प बोले- ईरान के पास बहुत कम वक्त बचा

# 3 दिन में शर्त नहीं मानी तो तेल पाइपलाइन ब्लास्ट हो जाएंगी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है। ट्रम्प के मुताबिक, अगर ऐसा हुआ तो पाइपलाइन को पहले जैसी हालत में दोबारा बनाना लगभग नामुमकिन होगा और उसकी क्षमता भी काफी घट जाएगी।



### ईरान का न्यूक्लियर और होर्मुज पर समझौते से इनकार

ईरान ने अमेरिका के साथ समझौते को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उसने कहा है कि न्यूक्लियर कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, यह संदेश पाकिस्तान के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया गया है। ईरान ने इन दोनों मुद्दों को अपनी रेड लाइन बताया है और कहा है कि इन पर किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं है। साथ ही, यह भी साफ किया कि यह कोई औपचारिक बातचीत नहीं है, बल्कि अपनी स्थिति साफ करने की एक कूटनीतिक पहल है।

## बंगाल- पीएम की रैली से पहले बीजेपी-टीएमसी समर्थकों में झड़प

### सीआईएसएफ जवान को गोली लगी, 3 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के जगदल में सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी की रैली है। इससे पहले रविवार रात बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान पत्थरबाजी, फायरिंग और देशी बम भी फेंके गए। इसमें तीन लोग घायल हुए, जबकि एक सीआईएसफ जवान के पैर में गोली लगने का दावा किया गया है।

जगदल के जलेबी माठ मैदान में प्रधानमंत्री की रैली होनी है। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रैली के लिए लगाए गए पोस्टर और झंडे फाड़ दिए गए। शिकायत करने थाने पहुंचे तो टीएमसी समर्थक भी आ गए। थाने के सामने ही बहस के बाद झड़प शुरू हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भाटपाड़ा सीट से भाजपा उम्मीदवार पवन कुमार सिंह के घर पर बम भी फेंका गया। पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। राज्य में 29 अप्रैल को दूसरे चरण की वोटिंग होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज 2 रोड शो करेंगे। पहला कोलकाता के बेहाला थाना से मंटन तक होगा।

## यूपी-राजस्थान और महाराष्ट्र के 7 शहरों में तापमान 46 डिग्री के पार

# अकोला में सबसे ज्यादा 46.9 डिग्री तापमान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश में भीषण गर्मी बढ़ती जा रही है। पूर्वोत्तर को छोड़कर भारत के ज्यादातर राज्यों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से 46 डिग्री के बीच बना हुआ है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46 डिग्री के पार चला गया। यूपी के 60 जिलों में आज लू का अलर्ट है।

महाराष्ट्र के अकोला में तापमान सबसे ज्यादा 46.9 डिग्री रहा। इसके बाद अमरावती (महाराष्ट्र) में 46.8 डिग्री, बांदा में 46.6 डिग्री, वर्धा (महाराष्ट्र) और बाड़मेर (राजस्थान) में 46.4 डिग्री, जैसलमेर (राजस्थान) और यवतमाल (महाराष्ट्र) में 46 डिग्री तापमान रहा।

मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45 डिग्री पहुंचा। इंदौर-भोपाल में पारा 43 डिग्री रहा। वहीं, उत्तराखंड के देहरादून में हीटवेव के कारण आज से 1 से 12वीं तक के



स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने के निर्देश हैं। बिहार के 11 जिलों में रविवार को पारा 40 डिग्री के पार चला गया। आरा में भीषण गर्मी के कारण एक प्राइवेट स्कूल की महिला कर्मी की मौत हो गई। पटना के जू में जानवरों के लिए 17 कूलर और 11 एसी लगाए गए हैं।

## माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत, घर पर सुसाइड कार से हमला हुआ

**बमाको।** माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए। यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रॉयटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोही समूह एफएलए का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया। इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई।



## भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज साइन होगा

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन होगा। दिल्ली में भारत मंडपम में होने वाले इस कार्यक्रम में यूनियन मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के मिनिस्टर ऑफ ट्रेड टॉड मैक्ले शामिल होंगे। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अगले पांच सालों में बायलेटरल ट्रेड को दोगुना कर 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक समझौते के तहत न्यूजीलैंड अगले 15 सालों में भारत के मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्विस और इनोवेशन सेक्टर में 20 बिलियन डॉलर (करीब 1.8 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करेगा। इससे भारत में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजारों में ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी, जिससे एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिलेगा।

## 11 साल में 54वीं बार काशी आ रहे प्रधानमंत्री मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी 28 अप्रैल को वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। पिछले 11 साल में वह 53 बार काशी आ चुके हैं। यह उनका 54वां और 2026 का पहला दौरा है। इससे पहले पीएम मोदी आखिरी बार नवंबर 2025 में आए थे। प्रधानमंत्री अपने इस दौरे पर काशीवासियों को 6 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात देने जा रहे हैं। रेल-सड़क सिग्नेचर ब्रिज और कबीरचौरा मंडलीय चिकित्सालय में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला सबसे महत्वपूर्ण हैं। इससे सिर्फ वाराणसी ही नहीं पूर्वांचल और बिहार के मरीजों को विश्व स्तरीय इलाज मिलेगा।



## मोदी की आंखों से देखने लगे चड्ढा का मोदिया-बिंद अब पूरी तरह ठीक हो गया

**नई दिल्ली।** राजनीतिक सरगर्मी तब और तेज हो गई जब कांग्रेस नेता अभिषेक दत्त ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर तीखा हमला बोला। अभिषेक दत्त ने एक विशेष बयान में चड्ढा के भाजपा में शामिल होने को उनके 'नजरिए के बदलाव' से जोड़ा और तंज कसते हुए कहा कि राघव चड्ढा अब देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखों से देखने लगे हैं। कांग्रेस नेता ने चड्ढा के हालिया लंदन दौरे और वहां आंखों के इलाज का जिक्र करते हुए एक नया शब्द 'मोदिया-बिंद' उछाला, उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा लंदन अपनी आंखों का इलाज कराने गए थे और वहां से लौटने के बाद उनका 'मोदिया-बिंद' यानी मोतियाबिंद पूरी तरह ठीक हो गया है।

## खबर एक नजर...

### परिजन कमरे में पहुंचे तो फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के आनंदनगर में रहने वाले आशीष पिता अम्बाराम मालवीय 40 साल ने शनिवार-रविवार रात अपने कमरे में फांसी लगा ली। सुबह जब परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे छत की बल्ली पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। परिजनों ने बताया कि आशीष दूध डेयरी पर काम करता था और रात में शराब पीकर लौटा था। परिजनों ने फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान दर्ज कर घटना की वजह का पता लगाया जायेगा।

### मृतक वृद्ध के नाती की 3 दिन बाद होना थी शादी

**उज्जैन।** जैथल टैक और नजरपुर के बीच शनिवार रात हुई दुर्घटना में मृतक आशाराम पिता भैरूलाल मालवीय 62 साल निवासी ग्राम गोठड़ा का रविवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को नाती अविनाश मालवीय की शादी होना है। आशाराम ने नाती की शादी का कार्यक्रम अपने घर पर रखा था। रविवार को मंडप रखा गया था, शादी में शामिल होने के लिये परिवार के सभी रिश्तेदार आ गये थे। आशाराम की मौत से शादी की खुशियों का माहौल गम में बदल गया है। आशाराम अपने साढ़ू रतनलाल के साथ बाइक से ग्राम बनड्रा घट्टिया जाने के लिये निकले थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में रतनलाल घायल है, जिसका उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

### चिकित्सकों ने दी ऑल टाइम हिट गीतों की प्रस्तुति

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी संकुल हॉल में शनिवार शाम संगीतमय कार्यक्रम डॉक्टर्स गॉट टैलेंट हुआ।ससु सुर परिवार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आईएमए उज्जैन से जुड़े चिकित्सकों ने ऑल टाइम हिट्स गीतों पर प्रस्तुतियां देकर माहौल सुरीला बना दिया।ससु सुर परिवार के संस्थापक, संयोजक, आयोजक डॉ. पिकेश डफरिया के अनुसार डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. पराग शर्मा, डॉ. सम्राट घोष, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील समरवाल, डॉ. दिनेश सिसौदिया, डॉ. चिन्मय, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. प्रतीक तिवारी, डॉ. अनिल प्लोड़, डॉ. नन्नोरे, डॉ. मनीष सिद्धा, डॉ. अनुराधा पंचोली, डॉ. कीर्ति देशपांडे, डॉ. ऋचा शर्मा आदि ने स्वर-लहरियां बिखेरीं।

### आज मोहिनी एकादशी, गोवर्धननाथ हवेली में मोहिनी रूप में सेवा होगी

**उज्जैन।** सोमवार को मोहिनी एकादशी है पुष्टिमार्गी वैष्णव इस दिन इंद्रदमन गोवर्धननाथजी की हवेली कार्तिक चौक में मोहिनी रूप की सेवा करते हैं। यह व्रत करने से 1000 गाय दान का पुण्य मिलता है। गोवर्धननाथजी की हवेली कार्तिक चौक के मुखिया डॉ. शरद भट्ट ने बताया कि मोहिनी एकादशी गोवर्धननाथजी की हवेली, श्रीनाथजी की हवेली ढाबा रोड, मदन मोहन जी की हवेली सराफा बाजार, पुरुषोत्तम नाथजी की हवेली गोला मंडी और अंकपात मार्ग पर विराजित महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्यजी की 73वीं बैठक पर मनाई जाती है। श्री कृष्ण की बाल रूप की सेवा होने से प्रभु को इन दिनों सत्तू का भोग लगाया जा रहा है। इसके अलावा मौसमी फलों का भोग भी ठाकुर जी को समर्पित किया जा रहा है।

### शिक्षा से सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**उज्जैन।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत माकड़ौन महाविद्यालय में शिक्षा से सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। मीडिया प्रभारी डॉ. नरेंद्र सारिया ने बताया इसमें प्रथम श्याम सिंह, द्वितीय श्रुति पन्या और कुसुम उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टरों में शिक्षा व महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलू दिखाए गए। रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ।

## तालाबों के लिए निगम की नई पहल: 10 दिन में क्षीरसागर में दिखा असर

# नैनो एरेटर तकनीक से सुधर रही पानी की गुणवत्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के तालाबों की बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए नगर निगम ने नैनो डिफ्यूजर सॉफ्ट एरेटर तकनीक का प्रयोग शुरू किया है। इसकी शुरूआत क्षीरसागर तालाब से की गई है, जहां 10 दिनों से यह तकनीक काम कर रही है। अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और शुरुआती निरीक्षण में पानी की गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने हाल ही में स्थल निरीक्षण किया, जिसमें पानी पहले की तुलना में साफ नजर आया। शहर में शिप्रा नदी के साथ-साथ सप्त सागर का धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व है, लेकिन जल प्रवाह नहीं होने से तालाबों का पानी अक्सर दूषित हो जाता है। इससे मछलियों और अन्य जलीय जीवों की मृत्यु होती है। गर्मी में बदबू के कारण आसपास रहना भी मुश्किल हो जाता है। क्षीरसागर में बड़ी संख्या में मछलियां हैं, लेकिन ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी मौत की घटनाएं सामने आती रही



हैं। इस समस्या के समाधान के लिए निगम ने यह तकनीक शुरू की है। सफल होने पर इसे शहर के अन्य तालाबों में भी लागू किया जा सकेगा। यह कार्य पर्यावरणविद एसपीएस रंधावा और उनकी टीम की देखरेख में किया जा रहा है।

### कैसे काम करती है तकनीक

नैनो डिफ्यूजर सॉफ्ट एरेटर तकनीक के तहत तालाब में ऐसे उपकरण लगाए जाते हैं जो पानी के भीतर बेहद छोटे-छोटे हवा के बुलबुले छोड़ते हैं। ये नैनो बुलबुले पानी में घुलकर ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते हैं, जिससे गंदगी फैलाने वाले बैक्टीरिया खत्म होते हैं और पानी धीरे-धीरे साफ व पारदर्शी बनने लगता है।

### फाउंटेन से अलग क्यों है

तालाबों में पहले से लगे फव्वारे मुख्य रूप से सतह पर ही असर करते हैं और सजावटी होते हैं। नैनो एरेटर तकनीक पानी की गहराई तक पहुंचकर वास्तविक सफाई करती है और लंबे समय तक प्रभाव बनाए रखती है। इसके मुख्य फायदे पानी की गुणवत्ता में सुधार बदबू और गंदगी में कमी मछलियों और जलीय जीवों को बेहतर वातावरण मिलने से उनकी मौत नहीं होगी। किनारे पर जमने वाली काई (ग्रीन लेयर) पर नियंत्रण।

## सिंहस्थ 2028 के लिए यूडीए की नई टीम तैयार

# उज्जैन विकास प्राधिकरण में ढाई साल बाद हुई नियुक्ति

### लंबित प्रोजेक्ट्स-मास्टर प्लान की फाइलों को मिलेगी गति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश शासन ने सिंहस्थ महापर्व 2028 की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) की नई टीम नियुक्त की है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा रविवार को जारी आदेश के अनुसार, रविन्द्र (रवि) सोलंकी को प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्तियां लगभग ढाई साल बाद की गई हैं।

शासन ने भविष्य की बड़ी योजनाओं को देखते हुए इस बार बोर्ड में दो उपाध्यक्षों की तैनाती की है। मुकेश यादव और रवि वर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड में पांच सदस्यों को भी जगह मिली है, जिनमें विजय अग्रवाल, अमित



श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामागुरु), सुशीला जाटवा और दुर्गा बिलोटिया शामिल हैं।

नवनियुक्त टीम पर सिंहस्थ से जुड़े बुनियादी ढांचे, नई कॉलोनियों और सड़कों के विकास को समय पर पूरा करने का महत्वपूर्ण जिम्मा होगा। प्राधिकरण के लंबित प्रोजेक्ट्स और मास्टर प्लान की फाइलों को गति मिलने की उम्मीद है। सिंहस्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और घाटों के विस्तारीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स अब इसी नई कार्यकारिणी की देखरेख में आगे बढ़ेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के तहत की गई ये नियुक्तियां अस्थाई तौर पर आगामी आदेश तक प्रभावी रहेंगी। उज्जैन के नियोजित विस्तार में यूडीए की अहम भूमिका है, और सरकार का मुख्य फोकस 2028 से पहले शहर के बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने पर है।

नई कार्यकारिणी में अनुभवी चेहरों और महिला प्रतिनिधियों को शामिल कर प्रशासन ने विकास कार्यों में गति लाने का संकेत दिया है। अब इस टीम के सामने 2028 तक उज्जैन को सिंहस्थ के अनुकूल तैयार करने की चुनौती होगी।

## उज्जैन में कक्षा 1 से 8 तक अवकाश घोषित

# 27 से 30 अप्रैल तक स्कूलों की छुट्टी, 9वीं-12वीं सुबह की शिफ्ट में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में भीषण गर्मी के मद्देनजर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 27 से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह की शिफ्ट में संचालित होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों का 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश रहेगा। यह निर्णय लगातार बढ़ती गर्मी और तापमान में हो रही वृद्धि को देखते हुए लिया गया है। इस अवधि में शिक्षकों को नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का समय परिवर्तित कर सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को तेज गर्मी से बचाया जा सके।

**गर्मी की छुट्टियां भी घोषित-** इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप ग्रीष्मावकाश की तिथियां भी तय कर दी गई हैं। विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2026 तक रहेगा, जबकि शिक्षकों का अवकाश 1 मई से 31 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और सभी स्कूलों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 18 अप्रैल को नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक परिवर्तित किया गया था, जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# कंठाल से सती गेट तक सड़क चौड़ीकरण शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत कंठाल चौराहा से सती गेट तक सड़क चौड़ीकरण का काम रविवार से शुरू हो गया है। प्रशासन के निर्देश पर व्यापारियों ने रातभर सामान हटाकर इस कार्य में सहयोग किया, जिससे निर्माण ने गति पकड़ ली है।

यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है। प्रशासन ने व्यापारियों और रहवासियों को शनिवार तक अपने प्रतिष्ठानों से सामान हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शुक्रवार से ही व्यापारियों ने अपनी दुकानों का सामान शिफ्ट करना शुरू कर दिया था। व्यापारी पूरी रात अपने प्रतिष्ठानों को खाली करने में जुटे रहे और रविवार सुबह भी यह प्रक्रिया जारी रही। इस मार्ग पर कपड़े, कटलरी, बैग और मिठाई सहित कई तरह की दुकानें स्थित हैं। व्यापारियों ने स्वेच्छा से प्रशासन के साथ सहयोग किया।

**सिंहस्थ-2028 की तैयारियां तेज; व्यापारियों का मिल रहा सहयोग**



संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्य का पैदल निरीक्षण किया था। उन्होंने व्यापारियों से सहयोग की अपील की थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। कई स्थानों पर व्यापारी स्वयं अपनी दुकानों और मकानों को हटाने में प्रशासन का साथ दे रहे हैं। कंठाल चौराहा से सती गेट के बीच का यह क्षेत्र उज्जैन का प्रमुख और वर्षों पुराना पारंपरिक बाजार है। यहां कई दुकानें लगभग 100 साल पुरानी हैं और रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। नगर निगम ने मुनादी कराकर पहले ही सूचना दे दी थी, जिससे लोगों को तैयारी का पर्याप्त समय मिल सका।

उज्जैन
सोमवार
27
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

पूर्णे तटाके तृषितः सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधितः स मूढः।
कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्रः गुर्वादियोगेऽपि हि यः प्रमादी।।

**अर्थः** जो इन्सान गुरु मिलने के बावजुद प्रमादी(अज्ञानी) रहे, वह मूर्ख पानी से भरे हुए सरोवर के पास होते हुए भी प्यासा, घर में अनाज होते हुए भी भूखा, और कल्पवृक्ष के पास रहते हुए भी दरिद्र है।

## खबर एक नजर...

### चित्तौड़गढ़ के ड्रग माफिया का इंदौर में जाल

**इंदौर।** बुर्का पहनकर युवाओं को उनकी डिमांड पर एमडी ड्रग्स उपलब्ध करवाने वाली फिरदौस बी का कनेक्शन राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के ड्रग माफियाओं से जुड़ा निकला है। इसे ड्रग्स उपलब्ध करवाने वाले नारायण के अलावा एक और ड्रग्स माफिया की जानकारी खजराना पुलिस को मिली है। फिरदौस बी को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है, वहीं इसे ड्रग्स देने वाले नारायण से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया एमडी ड्रग्स के नेटवर्क में फिरदौस बी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फिरदौस ने खजराना में मैरिज ब्यूरो की आड़ में युवाओं को ड्रग्स की लत लगाकर अपना ग्राहक बना लिया था। पहले गिरफ्तार हो चुके ओसामा ने चंदन नगर में पेडलर्स व युवाओं की टीम खड़ी कर ली थी। फिरदौस बी चित्तौड़गढ़ के रहने वाले महेंद्र परिहार की पत्नी है। महेंद्र की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। वहीं गिरफ्तार आरोपी नारायण महेंद्र का दोस्त था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। इसी कारण फिरदौस नारायण के संपर्क में आई। पति की मौत के बाद उसने एमडी ड्रग्स सप्लाय करना शुरू कर दिया था। दिखावे के लिए मैरिज ब्यूरो खोल रखा था।

### लसूडिया में ई-रिक्शा कारखाने में आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में रविवार दोपहर एक ई-रिक्शा मैन्युफैक्चरिंग कारखाने में आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग ऑटो शोरूम के पीछे बने कंपाउंड में स्थित ई-रिक्शा कारखाने में लगी थी। घटना के दौरान काफी दूर तक धुआं उठता दिखाई दिया। कंपाउंड में मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि आग अंदर तक फैल गई थी, जिसे एक टैंकर पानी डालकर काबू में कर लिया गया। उधर, एरोड्रम क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित एक शोरूम में केबल में आग लग गई। आग कुछ ही देर में अंदर तक पहुंच गई। आसपास के लोगों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

### शिवाजी मार्केट के व्यापारियों को राहत

**इंदौर।** शिवाजी मार्केट के करीब 120 व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत मार्केट को हटाने की कोशिशों के बीच प्रशासन द्वारा जारी बेदखली आदेश पर अब रोक लग गई है। रविवार को विशेष सुनवाई में हाई कोर्ट ने व्यापारियों के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें तत्काल बेदखल करने पर रोक लगा दी। दरअसल प्रशासन शिवाजी मार्केट को हटाकर व्यापारियों को नंदलालपुरा में विस्थापित करना चाहता है। इससे पहले भी हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि व्यापारियों को बलपूर्वक नहीं हटाया जा सकता और बेदखली से पहले उन्हें उचित सुनवाई का अवसर दिया जाना जरूरी है। इसके बावजूद जनवरी 2026 में निगम ने व्यापारियों की लीज निरस्त कर दी और मामला एसडीएम, जूनी इंदौर के पास भेजा गया। एसडीएम ने 31 मार्च को नोटिस जारी कर 9 अप्रैल को सुनवाई तय की थी। व्यापारियों की ओर से सीनियर एडवोकेट मनीष यादव और मेहुल वर्मा ने जवाब पेश किया। बताया गया कि 22 अप्रैल को बेदखली का आदेश जारी कर दिया गया। इसकी सूचना भी 24 अप्रैल को दी गई, जिससे अपील का समय भी सीमित हो गया।

### भारत पर टिप्पणी से संत-महात्माओं व समाजसेवियों में नाराजगी, बोले- भगवान सद्बुद्धि दे

# इंदौर में अमेरिकी राष्ट्रपति की सद्बुद्धि के लिए हवन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत के प्रति अपमानजनक टिप्पणी से शहर के कई संत, विद्वान और समाजसेवी नाराज है। ट्रम्प की सद्बुद्धि के लिए रविवार को इंदौर में महायज्ञ और हवन किया गया।

पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर सनातन संस्कृति संस्थान और श्रद्धा सुमन सेवा समिति ने और शहर के कई संत, विद्वानों, आचार्यों और महामंडलेश्वरों के सान्निध्य में महायज्ञ और हवन अनुष्ठान किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने अपनी बात भी रखी उन्होंने कहा कि पूरे विश्व को गैस और तेल की आपूर्ति के संकट की आग में झोंकने, दुनिया के छोटे देशों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने और विश्व गुरु जैसे अलंकरणों की ओर तेजी से बढ़ रहे भारत को नरक बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देश के 140 करोड़ भारतीयों और सनातन धर्मावलम्बियों का अपमान किया है। संयोजक हरि अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को बिगाड़ रखा है। जगह-जगह विश्व में महंगाई बढ़ी है। पूरे विश्व को विश्व युद्ध की ओर धकेला है। जिनको अमेरिका की जनता भी पसंद नहीं करती है। उन्होंने भारत की तुलना नरक के समान की है। उन्होंने भारतीय लोगों की भावनाओं को आहत किया है। इसलिए, हमने रणछोड़ जी से प्रार्थना की है यज्ञ के माध्यम से की उन्हें सद्बुद्धि आए।



### विश्व अशांति की ओर जा रहा

वहीं हंसदास मठ महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने कहा कि आज पूरे विश्व में डोनाल्ड ट्रम्प के कारण अराजगता फैली हुई है। विश्व अशांति के ओर जा रहा है। उन्हें सद्बुद्धि आए इसलिए हमारे सनातन धर्म परंपरा में जो वैदिक रीति है। संत महात्माओं के सान्निध्य में भगवान रणछोर हनुमान जी महाराज के समक्ष और गोमाता को साक्षी मानकर यज्ञ किया गया कि ट्रम्प को सद्बुद्धि दे। इस आयोजन में हंसदास मठ के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी रामचरण दास महाराज, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ.स्वामी चेतन स्वरूप, साध्वी आदित्य चेतना गिरी महाराज, तेजाजी नगर स्थित सिद्धेश्वर धाम के संत स्वामी अतुलानंद सरस्वती सहित बड़ी संख्या में संत महात्मा शामिल हुए।

# खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं की मांग

## 5 लाख कारोबारी आज बंद रखेंगे कारोबार, इंदौर में कलेक्टर को देंगे ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर के करीब 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक तथा कृषि आदान विक्रेता अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार को अपना कारोबार बंद रखेंगे।

वे प्रत्येक जिला, ब्लाक, तहसील एवं विकास खंड स्तर पर प्रदर्शन कर जुलूस के रूप में अधिकारियों के दफ्तर पहुंचकर प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री एवं उर्वरक मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी 6 सूत्रीय मांगों पर उनका ध्यानाकर्षण करेंगे।

इंदौर में भी पूरे जिले के करीब 3 हजार व्यापारी इस आंदोलन में शामिल रहेंगे। इंदौर-उज्जैन संभाग के करीब 5 हजार व्यापारी इस प्रदर्शन में भागीदार बनेंगे। इंदौर जिले की महू, देपालपुर, सांवेर, राऊ, हातोद, खुडैल एवं अन्य ब्लाकों पर भी यह आंदोलन चलाया जाएगा।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री, इंदौर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, सचिव जितेन्द्र जैन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि इंदौर-उज्जैन सहित जिला मुख्यालयों पर जिलाधीश, कृषि विभाग के अधिकारियों के माध्यम से दिए जाने वाले ज्ञापन में व्यापारियों ने मुख्य रूप से रासायनिक उर्वरक (खाद) की बिक्री के साथ अन्य गैर जरूरी उत्पादों की बिक्री को अनिवार्य करने का विरोध करते हुए आरोप लगाया है कि उर्वरक निमार्ता कंपनियां सब्सिडी वाले खाद के साथ किसानों को अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य करती है, जो किसानों का आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला निर्णय है।

इस जबरन लिंकिंग कारोबार को तत्काल बंद कर इसे अपराध घोषित कर पूरे देश में रोक लगाने, रासायनिक खाद की आपूर्ति व्यवस्था वर्तमान में जो डिलीवरी रेलहेड तक सीमित कर दी गई है, उसके कारण व्यापारियों को प्रति बैग 40 से 50 रुपए अतिरिक्त भार उठाना पड़ रहा है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है।

### तीन सप्ताह में फैसला लेने के निर्देश

# भोजशाला सर्वे की वीडियोग्राफी आज से पोर्टल पर होगी अपलोड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भोजशाला परिसर में किए गए वैज्ञानिक सर्वे की पूरी वीडियोग्राफी सोमवार को कोर्ट के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। मुस्लिम पक्ष की मांग पर यह कदम उठाया गया है, ताकि वे वीडियोग्राफी देखकर अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकें। इसी के साथ, सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के पालन में जस्टिस विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच मामले की नियमित सुनवाई भी शुरू करेगी। मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट सलमान खुर्शीद ने पिछले शुक्रवार को अपनी दलीलें और बहस पूरी कर ली थी। अब सोमवार से सीनियर एडवोकेट शोभना मेनन अपनी बहस की शुरूआत करेंगी।

### सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को स्पष्ट आदेश दिए थे कि तीन सप्ताह के भीतर सुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर फैसला सुनाया जाए। यही कारण है कि हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच हर दिन इस मामले की सुनवाई कर रही है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से बहस पूरी की जा चुकी है। हिंदू पक्ष के वकीलों का कहना है कि यदि मुस्लिम पक्ष वीडियोग्राफी देखने के बाद उस पर कोई सवाल उठाता है, तो उसकी ओर से प्रति-उत्तर दिया जाएगा।

# छत्रपति नगर में ग्रीष्मकालीन जैन धर्म शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मिनी बुंदेलखंड के रूप में चर्चित छत्रपति नगर में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में एवं छत्रपति नगर, महावीर बाग, गौरव नगर एवं अग्रसेन नगर मे कार्यरत समस्त महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 26 अप्रैल से 3 मई तक ज्ञान की आराधना करने एवं बच्चों को जैन धर्म का प्रशिक्षण देकर उन्हें संस्कारित करने के लिए ग्रीष्मकालीन जैन धर्म शिक्षण शिविर का शुभारंभ दिगंबर जैन तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर के ऋषभ सभागृह में हुआ।



संस्थान सांगानेर से पधारे युवा विद्वान सौरभ शास्त्री, सृजन शास्त्री एवं स्थानीय वरिष्ठ युवा विद्वान पंडित भरत शास्त्री प्रशिक्षण देंगे। शिविर का शुभारंभ जिनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र जैन सहित समस्त ट्रस्टी पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से आचार्य श्री विद्यासागर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करने के पश्चात समस्त महिला संगठन की ओर से शिविर संयोजक शुभ्रा जैन, रजनी जैन, अंजली जैन, सोनाली बगड़िया एवं अखिल भारतीय महिला परिषद की संभाग अध्यक्ष मुक्ता जैन द्वारा ज्ञान आराधना मंगल कलश की स्थापना से हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन 50 बच्चों ने पूजन अभिषेक शांति धारा करने का प्रशिक्षण लिया एवं इसका महत्व भी उन्हें समझाया गया। शिविर में भाग ले रहे बच्चों के लिए प्रतिदिन जलपान, झोलिया शरबत आदि की व्यवस्था रहेगी एवं उन्हें प्रतिदिन उपहार स्वरूप गिफ्ट भी प्रदान की जाएगी।

## खबर एक नजर...

### डॉक्टर्स गॉट टैलेंट' में चिकित्सकों ने दी 'ऑल टाइम हिट्स' की प्रस्तुति

**उज्जैन।** शहर के कालिदास संकुल स्थित बड़े हॉल में 25 अप्रैल की शाम संगीतमय कार्यक्रम 'डॉक्टर्स गॉट टैलेंट' का भव्य आयोजन किया गया। सप्त सुर परिवार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में आईएमए उज्जैन के चिकित्सकों ने 'ऑल टाइम हिट्स' गीतों पर अपनी विशेष प्रस्तुति दी। सप्त सुर परिवार के संस्थापक, संयोजक एवं आयोजक डॉ. पिंकेश डफरिया ने बताया कि इस संगीतमय शाम में मुख्य रूप से डॉ. पिंकेश डफरिया, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. पराग शर्मा, डॉ. सम्राट घोष, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील समरवाल, डॉ. दिनेश सिसौदिया, डॉ. चिन्मय, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. प्रतीक तिवारी, डॉ. अनिल प्लोड़, डॉ. नन्नोरे, डॉ. मनीष सिद्धा, डॉ. अनुराधा पंचोली, डॉ. कीर्ति देशपाण्डे, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. निवेदिता तिवारी, डॉ. सपना मंगल, डॉ. सपना शर्मा और डॉ. पूजा दाबोवाले ने अपनी स्वर लहरियां बिखेरीं। कार्यक्रम में सूत्रधार की भूमिका डॉ. अर्चना माहेश्वरी और डॉ. अंशु घोष ने निभाई। वहीं मंच प्रबंधन का दायित्व जयेश भावसार ने संभाला।

### शहर कांग्रेस के नवनियुक्त महामंत्री संजय अरोरा का स्वागत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार जारी है। इसी क्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त महामंत्री संजय अरोरा का पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल चौहान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल चौहान, पूर्व पार्षद देवव्रत यादव, रवि चौहान, शराफत शेख, महेश पटेल, कमल चौधरी, निर्भय सिंह परमार, वीरेंद्र दरबार और मुकेश चित्तौड़ा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त महामंत्री को पुष्पमाला पहनाकर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। अपनी नियुक्ति और सम्मान पर नवनियुक्त महामंत्री संजय अरोरा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार माना। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक एवं जिला अध्यक्ष महेश परमार, शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# शिप्रा में अवैध उत्खनन और महाकाल क्षेत्र में मांस बिक्री का होगा विरोध, सावन में कांवड़ियों को मिलेगा निःशुल्क भोजन

### युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास की बैठक में जनहित के कई प्रस्ताव पारित, महिला थाना प्रभारी के खिलाफ खोला जाएगा मोर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जयसिंहपुरा स्थित केंद्रीय मुख्यालय अखंड महाकाल कॉलोनी में संपन्न हुई। संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनहित, धर्म और संगठन विस्तार से जुड़े कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। सावन माह में कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन व्यवस्था करने का प्रमुख निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से राजकुमार झांझोट को निःशुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राष्ट्रीय महामंत्री राहुल मोणावत, आजीवन सदस्य भेरूलाल मालवीय, अशोक रैकवार, संजय परमार, विश्वास सिंह चौहान और खुशहाल सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में तय किया गया कि 31 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह के पहले दिन से ही उज्जैन आने वाले कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण शुरू किया जाएगा। वहीं, महिला थाना प्रभारी रानी बेग की कार्यप्रणाली के विरोध में जन-जागरूकता अभियान चलाने और राष्ट्रपति सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर व्यापक आंदोलन छेड़ने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में नदियों के संरक्षण पर चिंता जताते हुए शिप्रा और गंभीर नदी में हो रहे अवैध उत्खनन तथा जल-चोरी के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। महाकाल मंदिर के आसपास मांस विक्रय पर सख्ती से रोक लगाने और क्षेत्र की व्यवस्थाओं में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई की मांग प्रमुखता से उठी। इसके अलावा शहर के सभी होटल-लॉज में सुरक्षा नियम व पहचान पत्र अनिवार्य करने, ई-रिक्शा व ऑटो के मनमाने किराए पर अंकुश लगाने तथा ट्रैफिक जाम से निजात के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग रखी गई। संगठन ने अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई करने, देवी-देवताओं के चित्रों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर वृहद सदस्यता अभियान शुरू करने का भी निर्णय लिया।

#### नर सेवा ही नारायण सेवा का दिया संदेश

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उज्जैन आस्था और सनातन परंपराओं का केंद्र है। यहां श्रद्धालुओं की सेवा करना नर सेवा ही नारायण सेवा है। शिप्रा और गंभीर का संरक्षण प्रशासन के साथ-साथ हर नागरिक की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे समाज और धर्महित के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटकर उज्जैन को एक आदर्श नगर बनाने में योगदान दें। अंत में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और भोजन समिति अध्यक्ष राजकुमार झांझोट ने आभार माना।

# विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज के सामूहिक विवाह में नवदंपतियों ने लिए सात फेरे

### दहेज मुक्त समाज और आर्थिक सशक्तिकरण का संदेश, आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश, जिला व युवा टीम की रही अहम भूमिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जिले के ग्राम घट्टी में विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में सैकड़ों गरीब युवक-युवतियों का बिना किसी आर्थिक बोझ के विवाह संपन्न हुआ। समाज की संगठित समिति के इस प्रयास ने सामाजिक एकता और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का बड़ा संदेश दिया।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन विश्वकर्मा ने बताया कि विवाह स्थल को पारंपरिक रूप से फूलों और रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच नवदंपतियों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। सभी के लिए शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन बढ़ती महंगाई और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने का सशक्त माध्यम हैं, जिससे परिवारों को आर्थिक राहत मिलती है और नई पीढ़ी को नैतिक मूल्य सीखने को मिलते हैं। समाज ने भविष्य में 100 जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

कार्यक्रम की सफलता में प्रदेश और जिला स्तर की टीमों का विशेष योगदान रहा। सम्मेलन के अध्यक्ष अशोक शर्मा इंदौर और सचिव दिनेश विश्वकर्मा के साथ प्रेम शर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, श्याम विश्वकर्मा, निर्मल विश्वकर्मा और मनोज विश्वकर्मा ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संरक्षक राजू विश्वकर्मा इंदौर, रमेश विश्वकर्मा इंदौर, पवन विश्वकर्मा नलखेड़ा और भेरुलाल विश्वकर्मा बरनावद रहे। आयोजन को प्रदेशाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री हेमंत विश्वकर्मा इंदौर, प्रदेश महासचिव पवन विश्वकर्मा नलखेड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा इंदौर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा इंदौर एवं मुकेश विश्वकर्मा राजगढ़, प्रदेश मंत्री राम नारायण विश्वकर्मा तलेन, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील विश्वकर्मा माचलपुर और प्रदेश कार्यालय मंत्री दिनेश शाजापुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### जैन यूनिटी फोरम ने शुरू किया 'पानी बचाओ' अभियान, घर-घर जाकर देंगे संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

'बूंद-बूंद से भरता है घड़ा' की तर्ज पर जैन यूनिटी फोरम द्वारा जल संरक्षण के लिए 'पानी बचाओ' अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत फोरम के सदस्य अपनी-अपनी कॉलोनियों में घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे।

नवीन शीतल कोठारी के निवास पर आयोजित फोरम की बोर्ड मीटिंग में इस अभियान की रूपरेखा तय की गई। बैठक में ग्रुप के संस्थापक मनोज सुराणा ने सभी सदस्य दंपतियों को शपथ दिलाई कि वे घर-घर जाकर पानी बचाओ अभियान चलाएंगे। इसके साथ ही, वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी से स्वयं के बचाव और दूसरों का ध्यान रखने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रुप द्वारा एक विशेष लक्ष्य के साथ आगामी 6 दिवसीय यात्रा का निर्धारण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र जैन ने सभी का आभार माना। बैठक में मनोज अंजु सुराणा, धर्मेंद्र साधना जैन, ललित मनीषा कोठारी, नितेश जया नाहटा, संतोष तारा सालेचा, अनिल तारा जैन, प्रमोद चंचल पटवा, प्रदीप किरण नाहटा, अंकित अमीषा जैन, राजेश अनीता सोनी, नवीन शीतल कोठारी, अमित अर्पिता बाठिया, जिनेश वर्षा सराफ तथा वीरेंद्र जूली गोलेछा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष में उज्जैन के पांच नगरों में प्रमुखजन संवाद

### समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता, अगले 15-20 वर्षों के लिए तय किए पांच लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत रविवार को शहर के पांच प्रमुख नगरों में प्रमुखजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में संघ के पदाधिकारियों ने समाज जीवन से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार साझा करते हुए आगामी वर्षों के लिए निर्धारित 'पंच परिवर्तन' पर विशेष जोर दिया और व्यापक जनजागरण का आह्वान किया।

संवाद कार्यक्रम शहर के राजेंद्र नगर, माधव नगर, कालिदास नगर, मधुकर नगर और सुदर्शन नगर में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए गए। इन आयोजनों में व्यवसायी, उद्योगपति, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, प्रबुद्धजन, धार्मिक प्रतिनिधि और कला व खेल जगत से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित कर संवाद स्थापित किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया और स्थानीय स्तर पर समाज के प्रभावशाली लोगों से चर्चा कर समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देने पर मंथन किया।

संघ ने 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 से 20 वर्षों के लिए पांच प्रमुख विषयों पर व्यापक कार्य करने का संकल्प लिया है। इनमें नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और 'स्व' का बोध शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि इन आयामों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र को समृद्ध व वैभवशाली बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे, जिसके लिए समाज की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा देशभर में व्यापक गृह संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से करोड़ों परिवारों तक पहुंच बनाई जा चुकी है। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायविदों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से भी निरंतर संवाद स्थापित किया जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसंचालक डॉ. के. सिरवानी ने की। मुख्य अतिथि सयुक्त संचालक डॉ. व्ही के बर्वे एवं विशेष अतिथि डॉ. जी.जी. गोस्वामी रहे। म.प्र. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष के.सी. चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पशु चिकित्सक भोजन और स्वास्थ्य के रक्षक की थीम पर उपसंचालक कार्यालय देवासगेट के सभागार मे गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं उपस्थित विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन, पीआरपीसीएस अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह परिहार एवं पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री आर के जोशी, जिला अध्यक्ष के.सी. चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. माहौर, डॉ. ज्योत्सना शर्मा, डॉ. कंचन चौहान, के.आर. डावरे, एस.के. पाठक, रूपेंद्र नाथ शर्मा, दिनेश मारू, यशवंत बड़गोत्या, रवि राठौर, यशवंत रोकड़े, पंकज प्रजापति, अरविंदर सोलंकी, हाकम सिंह आदि उपस्थित हुए।

### वसीम फैज मोहम्मद बने कांग्रेस के महासचिव

उज्जैन। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देश एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी की सहमति से समाजसेवी वसीम फैज मोहम्मद को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी एवं समाज में हर्ष का माहौल है। सोऐब खान ने जानकारी देते हुए बताया कि महासचिव पद पर नियुक्ति के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वाशिम भाई बंटी का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# टैगोर पार्क से दो तालाब तक रोड चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने बताई यथास्थिति

### मिशनरी संस्था दी डायोसिस ऑफ उज्जैन (सैंट मैरी स्कूल एवं पुष्पा मिशन हॉस्पिटल) द्वारा फैलायी जा रही भ्रामक जानकारियों का खंडन




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आजाद नगर के स्थानीय निवासियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शासकीय कर्मचारियों द्वारा किए गए सर्वे नपती सीमांकन के सही कार्यों को भी मिशनरियों द्वारा गलत बताया जाता रहा है और हमेशा ऊपर से गलत नपती गलत सीमांकन के लिए दबाव बनाया जाता है।

प्रशासन द्वारा जो लास्ट मास्टर प्लान दिया गया है और उसे भी मिशनरी गलत बताते हैं। पूर्व में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा स्वीकृत 18 मीटर रोड को भी 15 मीटर बताते हैं। 19/12/2020 शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के तहत नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा दी गई जानकारी जिसमें सेटबैक छोड़कर 18 मीटर रोड दशार्या गया है।

प्रशासन एवं स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों में बाधा डालकर उसे अनावश्यक विलंब करवाया जा रहा है। पूर्व में स्थापित नाली को (जो कि पुष्पा मिशन अस्पताल के पुराने भवन से लगी हुई है) अतिक्रमण करके दबा दिया गया है कि यदि प्रशासन खुदवा कर देखें अवशेष मौजूद है।

आजाद नगर के रहवासियों द्वारा प्रशासन के परिसीमन की सराहना की गई और प्रशंसा की गई। अधिकारियों ने निष्पक्ष रूप से नपती करके मिशनरी संस्था को नोटिस देकर पीछे हटने को कहा जिस पर वह तैयार नहीं है और मीडिया को भ्रामक जानकारियां देकर प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं।

रहवासी क्षेत्र में स्कूल एवं अस्पताल होने के कारण रोड पर पार्किंग की जाती है, जिससे प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है और प्रशासन को जाम क्लियर करवाना पड़ता है। आजाद नगर विकास समिति द्वारा शिकायत करने पर एसडीएम संजीव साहू ने निराकरण हेतु दिनांक 20/03/20 को पुष्पा मिशन अस्पताल में बैठक कर नोटिस दिया था किंतु आज दिनांक तक कोई निराकरण नहीं हुआ। और जब कॉल करके आजाद नगर के रहवासी एसडीएम कार्यालय पहुँचे तो फादर पहले से ही वहाँ मौजूद मिले। एक बार तो यह संयोग हो सकता है किन्तु दुबारा यह घटना किसी और इशारा करती है?

आजाद नगर के निवासियों द्वारा कई बार सीमांकन करने एवं अतिक्रमण हटाने की गुहार लगायी गई, किन्तु मिशनरियों द्वारा हमेशा दबाव बनाकर फाइल दबा दी गई। कई प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं जिस कारण वह दबाव में आ जाते हैं, और कार्यवाही को टालते रहते हैं। प्रशासन के कार्यों को सदैव गलत ठहराने वाले मिशनरी संस्था के कृत्यों की भी जाँच की जानी चाहिए जो कि जनसेवा के बहाने बड़ी व्यावसायिक गतिविधि कर रहे हैं और यह पैसा कहाँ जा रहा है।

## चार गुना मुआवजा देने का स्वागत

### गेहूं निर्यात की अनुमति देने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण में कृषि भूमि का मुआवजा 2 गुना से बढ़कर 4 गुना करने के निर्णय का स्वागत किया। पूर्व आईएएस डॉ हीरालाल त्रिवेदी राष्ट्रीय संयोजक सपाक्स पार्टी ने कहा कि वो सन 2018 से इसकी मांग उठाते आए हैं कई केंद्रीय मंत्रियों एवं तत्कालीन मुख्यमंत्रियों को लिखने के बाद भी यह निर्णय नहीं हो सका था। इस वर्ष उन्होंने मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं प्रमुख सचिव राजस्व को भी पत्र लिखकर सुझाव दिए थे। अब मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यकाल में यह अभूतपूर्व निर्णय हुआ है। सपाक्स के प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि इसके लिए डॉ हीरालाल त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ यह भी अनुरोध किया है कि भूमि के क्रय विक्रय के लिए रजिस्ट्री करने के लिए जिला कलेक्टरों द्वारा जो गाइडलाइन निर्धारित की जाती है ग्रामीण क्षेत्रों में उसे भी दुगना कर दिया जाए एवं रजिस्ट्री की दरें आधी कर दी जाए इससे शासन की आय में कमी नहीं होगी, किसानों को रजिस्ट्री की लागत भी नहीं बढ़ेगी तथा किसानों को बाजार मूल्य के मान से भूमि के वास्तविक बाजार मूल्य का मुआवजा भी मिल सकेगा। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि गेहूं उपार्जन में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं मंडियों में उन्हें गेहूं का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है।

## माधव महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पृथ्वी दिवस पर हुआ सेमिनार



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की आईक्यूएसी, भूगोल विभाग और प्रकृति शोध सोसाइटी (उदयपुर) के क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत पृथ्वी दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। ₹हमारी शक्ति, हमारा ग्रहः पृथ्वी को पुनसंर्तुलित करने का प्रयास₹ विषय पर आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण पर गहराई से मंथन किया।

मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि पृथ्वी को संकट से बचाना है तो दुनिया को भारत के रास्ते पर चलना पड़ेगा। हम भूमि पुत्र हैं और हमें भूमि की रक्षा करनी चाहिए। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि धरती को माता कहा गया है। हमारे बुजुर्ग सुबह धरती पर पैर रखते हैं तो उससे क्षमा मांगते हैं। हमारी संस्कृति में पेड़ों को भी प्राणवान और देवतुल्य माना गया है। आज धरती प्यासी है और हमें इसे पानी पिलाने की जरूरत है। तापमान को बढ़ने से रोकने के लिए सघन पौधारोपण और जल संरचनाओं का निर्माण करना होगा।

सारस्वत अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि जल संरक्षण ही एक प्रकार से पृथ्वी का संरक्षण है। हम धरती से जो लेते हैं, उसे वापस भी देना चाहिए। कपड़े की थैली का उपयोग करना और मिट्टी के गणेश बनाना धरती के लिए हमारा समर्पण है। उन्होंने आह्वान किया कि आगामी सिंहस्थ मेला भी पूर्णतः पर्यावरण के अनुकूल हो, इसके लिए हमें अभी से प्रयास करने होंगे।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि यह पृथ्वी रत्नगर्भा है, जो हमारा पालन करती है, लेकिन हम वनों को तेजी से नष्ट कर रहे हैं। कपड़ों को रंगने से जल प्रदूषित होता है, इसलिए जल संरक्षण के लिए कभी-कभी सफेद और बिना प्रेस किए हुए कपड़े भी पहनने चाहिए।

### पांच पुस्तकों का हुआ विमोचन

प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण और गौरैया संरक्षण प्रोजेक्ट की जानकारी दी। सेमिनार में अतिथियों द्वारा पांच पुस्तकों का विमोचन किया गया। सेमिनार संयोजक डॉ. मोहन निमोले ने शॉल, श्रीफल और बैम्बू का पौधा भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। उन्होंने आगामी 23-24 अक्टूबर 2026 को होने वाली अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया, जिनका अतिथियों द्वारा सारस्वत सम्मान भी किया गया।

### भीषण गर्मी में बार-बार बिजली गुल, नानाखेड़ा के रहवासी बेहाल

# लगातार कटौती और वोल्टेज की समस्या से पानी संकट गहराया, शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भीषण गर्मी के बीच शहर के नानाखेड़ा क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने से रहवासियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ तेज गर्मी से लोग पहले ही बेहाल हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही बिजली कटौती ने हालात और मुश्किल कर दिए हैं।

नानाखेड़ा क्षेत्र की अर्पिता कॉलोनी, गंगानगर, अभिषेक नगर, मित्र नगर, वृंदावन धाम, दीप्ति परिसर, विद्यापति नगर सहित महामृत्युंजय द्वार के आसपास की कॉलोनियों में रविवार को सुबह से ही बिजली का आना-जाना लगा रहा। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कई बार बिजली गुल रही, वहीं शाम को भी यही स्थिति बनी रही। शनिवार को भी दिनभर रुक-रुक कर बिजली कटौती होती रही।



लगातार बिजली गुल होने से जहां लोग गर्मी से पसीने-पसीने हो रहे हैं, वहीं जल संकट भी गहराने लगा है, क्योंकि पानी सप्लाई भी बिजली पर निर्भर है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो रहे हैं। रात के समय भी बिजली की समस्या बरकरार रहने से लोग न ठीक से सो पा रहे हैं और न ही दैनिक कामकाज पर ध्यान दे पा रहे हैं।

### वोल्टेज की समस्या से उपकरण हो रहे खराब

क्षेत्र की अर्पिता कॉलोनी निवासी सीमा जोशी ने बताया कि बार-बार बिजली जाने के साथ वोल्टेज भी लगातार कम-ज्यादा हो रहा है। इससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का खतरा बढ़ गया है। कई बार फ्यूज उड़ने और उपकरण खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि शिकायत के लिए 1912 नंबर पर कॉल करने पर लाइन व्यस्त रहती है, जबकि संबंधित जोन के नंबर भी कई बार बंद मिलते हैं। दिन में भीषण गर्मी के समय केवल 10-10 मिनट के लिए बिजली आती है और फिर चली जाती है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।

नानाखेड़ा ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य क्षेत्रों, खासकर इंदौर रोड से जुड़ी कॉलोनियों में भी बिजली कटौती की यही स्थिति बनी हुई है। लगातार हो रही इस समस्या से आमजन परेशान हैं, लेकिन अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर समाधान कब मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### चमनकुटी आश्रम में 1 से 5 मई तक धार्मिक आयोजन, 5 को हवन व विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिन्तामण जवासिया स्थित चमनकुटी आश्रम में 1 मई से 5 मई 2026 तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आश्रम समिति ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।समाजसेवी सजन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि परमपूज्य ब्रह्मलीन श्री 1008 चमन गिरी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हवन एवं महंत चादर विधि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान साधु-संतों का आगमन रहेगा। कार्यक्रम की शुरूआत 1 मई को प्रातः 5 बजे श्री खेड़ापति सरकार के विशेष पूजन एवं चोला श्रृंगार से होगी। शाम को सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। 1 से 5 मई तक प्रतिदिन शाम को भजन संध्या आयोजित होगी। 5 मई को मुख्य कार्यक्रम के साथ आयोजन का समापन होगा, जिसमें हवन, चादर विधि और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# बगैर हेलमेट पकडे गए तो देना होगा 300 रूपए चौराहे पर टीम से गडबड की तो लायसेंस निलंबित

### पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक बार फिर 15 दिवसीय अभियान शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




आम वाहन चालक को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस मुख्यालय की कवायद जारी है। इसी के तहत एक बार फिर से 15 दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई है। इस दौरान पकडे गए तो 300 रूपए चालानी कार्रवाई होना है। उज्जैन में 4 टीमें इसके लिए बनाई गई है। इस दौरान वाहन चालक ने अगर गडबड की तो पुलिस उसके लायसेंस निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित करेगी।

डीएसपी यातायात दिलीप सिंह परिहार के अनुसार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रविवार से अभियान की शुरूआत कर दी गई है। इसके लिए चार टीमें बनाई गई हैं जो शहर के अलग-अलग प्रमुख चौराहे पर उपस्थित रहकर बगैर हेलमेट वाहन चालन करने वालों को पकड कर उन पर चालानी कार्रवाई करेगी। इस दौरान वाहन चालक के गडबड करने पर उसके खिलाफ लायसेंस निलंबन की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। श्री परिहार के अनुसार आम वाहन चालक में हेलमेट धारण के लिए जन जागरूकता के तहत यह अभियान 26 अप्रेल से पुलिस अधीक्षक उज्जैन के निर्देशन में शुरू किया गया है। पीएचक्यू ने 26 अप्रेल से 10 मई तक विशेष अभियान चलाकर हेलमेट चेकिंग के निर्देश दिए हैं।

दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने को लेकर एक बार फिर सख्ती की जाएगी। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में चलाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्यभर में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान 26 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य रूप से लागू कराया जाएगा।

26 अप्रेल से 10 मई तक अभियान के लिए एडीजी पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय विवेक शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के तहत बताया गया है कि प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी और हेलमेट का उपयोग न करना है। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत मृतकों में दोपहिया चालक शामिल होते हैं, जो हेलमेट नहीं पहनते। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग ने सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। इसके तहत वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ-साथ पीओएस मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी।

# कंट्रोल रूम का निरीक्षण, उपस्थिति व्यवस्था सख्त

### निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश– कर्मचारियों की संख्या के साथ फोटो अपलोड अनिवार्य, अवकाश व्यवस्था में बदलाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रविवार सुबह अवकाश के दिन कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डवार स्थायी, अस्थायी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सभी वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की उपस्थिति संख्या रजिस्टर में दर्ज करने के साथ-साथ संबंधित कर्मचारियों के फोटो भी अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी निगम कर्मचारियों के लिए सप्ताह में एक दिन वार्डवार अवकाश निर्धारित किया जाए तथा दो दिन का अवकाश समाप्त किया जाए। उन्होंने ड्यूटी समय के पालन को लेकर सख्ती दिखाते हुए कहा कि कर्मचारियों की उपस्थिति सुबह आने और दोपहर में जाने के समय रजिस्टर में दर्ज की जाए। साथ ही कंट्रोल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन उपस्थिति रजिस्टर की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने कंट्रोल रूम से वायरलेस के माध्यम से शहर में चल रहे निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने भवन अधिकारियों और निरीक्षकों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएं। इस दौरान उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता एवं कंट्रोल प्रभारी सुनील जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सड़क चौड़ीकरण शुरू

### स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने स्वयं हटाए अपने भवन, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को मिली गति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास कार्यों को तेज किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण को स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सड़क चौड़ीकरण कार्य रविवार से प्रारंभ हो गया।

इस कार्य की विशेष बात यह रही कि स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर निगम को सहयोग देते हुए स्वयं अपने प्रभावित भवनों को हटाने की पहल की। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार इस मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है, जिसके लिए 29 भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे।

रविवार को इन भवन मालिकों ने स्वेच्छा से चौड़ीकरण कार्य में सहयोग करते हुए अपने-अपने निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। निगम आयुक्त ने नागरिकों के इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे शहर के विकास में सहभागिता का उदाहरण बताया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि भविष्य में नागरिकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इस दौरान सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, उपयंत्री सौम्या चतुर्वेदी और साधना चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 29 को निकलेगी विशाल जनाक्रोश रैली

**शाजापुर।** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन प्रस्ताव को विपक्षी दलों द्वारा गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। मातृशक्ति के सम्मान को लेकर स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालने का आरोप लगाया। इस विश्वासघात के विरोध में आगामी 29 अप्रैल को शाजापुर में महिलाओं द्वारा एक विशाल जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उज्जैन नगर निगम की सभापति एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री कलावती यादव ने कहा कि जिस दिन संसद में मातृशक्ति वंदन बिल गिरा, वह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक काला दिन था।

### दहेज प्रथा के खिलाफ राजावत परिवार का बड़ा संदेश

# 15 तोला सोना व 25 लाख नगद का टीका लौटाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

तहसील के ग्राम बंगरेड में राजावत परिवार में हुआ टीका समाजजनों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गया। इस तिलक के दौरान दूल्हे के परिवार ने 15 तोला सोना व 25 लाख नगद का टीका दुलहन के परिवारजनों को ससम्मान लौटा दिया और शगुन में प्रतीकात्मक एक अंगूठी स्वीकार कर दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश दिया।

26 अप्रैल रविवार को ग्राम बंगरेड के प्रतिष्ठित राजावत परिवार में आयोजित ठा. कमलसिंह राजावत के सुपौत्र एवं लोटस ग्रुप के चेयरमेन जितेंद्रसिंह राजावत के पुत्र आदर्शदीप सिंह के तिलक अवसर पर वधु पक्ष (तामलपुर) द्वारा 25 लाख रुपए की राशि नगद एवं 15 तोला सोना भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजावत परिवार ने अत्यंत सराहनीय निर्णय लेते हुए एक अंगूठी को



प्रतीकात्मक रूप में स्वीकार कर शेष संपूर्ण नगद राशि एवं स्वर्ण आभूषणों को पूरे सम्मान के साथ वधु पक्ष को वापस लौटा दिया। दूल्हे के पिता जितेंद्रसिंह राजावत क्षत्रिय महासभा (राजपूत समाज) के जिलाध्यक्ष भी है। उनकी यह पहल निश्चित ही सम्पूर्ण समाज हेतु भी प्रेरणास्पद होगी। दूल्हे के पिता जितेंद्रसिंह राजावत ने कहा कि विवाह कोई आर्थिक सौदा नहीं है और उन्हें बहू के रूप में लक्ष्मी स्वरूप बेटी चाहिए, न कि दहेज का धन। क्षेत्र में दहेज प्रथा के खिलाफ चल रही जागरूकता मुहिम के बीच बंगरेड का यह विवाह अब दहेज मुक्त शादी का प्रतीक बन गया है। यह आयोजन केवल दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है। क्षेत्र में सोशल मीडिया पर भी यह तिलक सराहा जा रहा है। दूल्हे के पिता जितेंद्रसिंह राजावत ने 2015 से पर्यावरण क्षेत्र में कार्य करते हुए हजारों पौधों का रोपण किया साथ ही सैकड़ों असहाय बच्चों को शिक्षा व बेटियों को गोद लेकर उनकी शिक्षा से लेकर विवाह तक का प्रेरणादायक कार्य प्रस्तुत कर चुके है।

# पसरा मातम, पानी भरने गए युवक की कुएं में डूबने से मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

खुशियों के माहौल के बीच उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब एक परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर के अधिकांश सदस्य शादी के जश्न में शामिल होने गए थे, वहां अब मातम का सन्नाटा पसरा है। जिले के ग्राम मोहना में पानी भरने गए 30 वर्षीय एक युवक की कुएं में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। पैर फिसलने से हुए इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहना निवासी 30 वर्षीय पंकज पिता बंशीलाल रविवार सुबह करीब 11 बजे घर के उपयोग के लिए कुएं पर पानी भरने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे कुएं में जा गिरा। तैरना नहीं आने के कारण वह पानी में डूब गया।

घटना का पता चलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में परिजनों और ग्रामीणों की मदद से पंकज को कुएं से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे तुरंत मोहन बड़ोदिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के उपरांत पंकज को मृत घोषित कर दिया।

### मामा की बेटी की शादी में गया था परिवार

इस दुखद घटना के समय पंकज के घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि मृतक के मामा की लड़की की शादी का कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए परिवार के अधिकांश सदस्य गए हुए थे। पंकज पीछे से पानी भरने कुएं पर गया, जहां यह हृदय विदारक हादसा हो गया।

## खबर एक नजर...

### भुसावल नागपुर सुपर फास्ट को पुनः शुरू करने की मुहिम चलाएगा जनमंच



खंडवा।शनिवार को खंडवा की सामाजिक संस्था जनमंच सदस्यों की एक बैठक संपन्न हुई।जिसमें रेलवे संबंधित विभिन्न मांगों के लिए विचार विमर्श हुआ।प्रमुख रूप से नागपुर भुसावल वाया खंडवा 22111/22112 सुपरफास्ट ट्रेन दादाजी धाम एक्सप्रेस को पुनः शुरू करने के लिए जनमंच जोर शोर से मुहिम चलाएगा। जन मंच के चंद्रकांत सांड, सुनील जैन ने बताया कि मुहिम के अंतर्गत खंडवा और बैतूल सांसदों से मुलाकात की जाएगी तथा प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को इस आशय की मांग के लगातार पत्र भी भेजे जाएंगे। अन्य मांगो में सनावद से इंदौर ब्रॉडगेज रेल लाइन का कार्य सिंहस्थ 2028 के पूर्व किया जाकर इस पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। एक अन्य मांग ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से ओंकारेश्वर तीर्थ तक लगभग 10 किमी की रेलवे लाइन डाली जाए, ताकि खाटू श्याम की तरह ओंकारेश्वर के तीर्थ यात्री सीधे ओंकारेश्वर तीर्थ तक पहुंच सके।उक्त मांगों को लेकर जनमंच सदस्यों चंद्र कुमार सांड, सुनील जैन और गणेश कानडे आदि ने प्रधान मंत्री और रेल मंत्री को मेल भी किए।

### खंडवा से पुणे के लिए एक और नियमित ट्रेन मिली

खंडवा। मंगलवार 28 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 02531 वाराणसी -पुणे एक्सप्रेस को शाम 4.56 को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।उक्त ट्रेन 29 अप्रैल को पहली बार खंडवा जंक्शन पहुंचेगी। जैन मांज के चंद्रकांत सांड, सुनील जैन, कमल नागपाल ने बताया कि खंडवा की सामाजिक संस्था जनमंच समय-समय पर लगातार पुणे के लिए ट्रेन की मांग करती रही है।खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने पुणे की ट्रेनों की मांग की आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही नई ट्रेन वाराणसी- पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस का खंडवा ठहराव स्वीकृत कराया।जनमंच सदस्यों चंद्र कुमार सांड,अनुराग बंसल,कमल नागपाल,प्रेमांशु जैन,सुनील जैन,जैकी रेवतानी,अनूप गंगराड़े और गणेश कानडे आदि ने जनमंच की बैठक में इस नई ट्रेन की शुरूआत होने पर हर्ष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का आभार व्यक्त किया। जनमंच सदस्यों ने मेल कर आभार व्यक्त किया ।

### खंडवा की लेखिका दर्शना जैन इंदौर में हुई सम्मानित

खंडवा। विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर द्वारा किये गए लेखक सम्मान समारोह में लघुकथा के क्षेत्र में खंडवा की लेखिका दर्शना जैन के लघुकथा संग्रह ₹प्रथम शिखर₹ का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन म.प्र. पुस्तकालय संघ द्वारा किया गया। संयोजक जी. डी. अग्रवाल द्वारा संचालन किया गया।इस अवसर पर देश विदेश के कई लेखकों को उनकी विविध आयामों में लिखी गई रचनाओं के लिये सम्मानित किया गया।

### विद्युत संधारण कार्य के कारण जल प्रदाय प्रभावित रहेगा

खंडवा। चरखेड़ा फिल्टर प्लांट पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा कल दिनांक 25 अप्रैल को शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक निर्धारित संधारण कार्य किए जाने के कारण शहर के सुंदर नगर, चीरा खदान क्षेत्र, जेल रोड, वाहेती कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज, आनंद नगर एवं पदम कुंड क्षेत्र में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश

# किसान ही विकसित भारत के निर्माण में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

ब्रह्मास्त्र » बड़वानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी तो हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। मैं प्रदेश के सभी किसान भाइयों-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि उनकी मेहनत, पसीना और आपका भविष्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसानों की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की असली ताकत है। आइए, हम सब मिलकर च्क्सिान कल्याण वर्षङ में मध्यप्रदेश को कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को प्रदेश की जनता के नाम दिये संदेश में कहा कि मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे मध्यप्रदेश की सेवा का अवसर मिला है और उसी सेवा भाव से मैं अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा हूं। जब से मैंने मुख्यमंत्री के रूप में इस महत्वपूर्ण पद की शपथ ली है, तब से पूरा मध्यप्रदेश ही मेरा परिवार है, प्रदेशवासियों का सुख ही मेरा सुख है और उनका दुख ही मेरा दुख है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की तीव्र गति के विकास का मुख्य आधार हमारे प्रिय किसान भाई-बहन हैं। मैं प्रदेश के समस्त अन्नदाताओं को नमन करता हूं। हमारी सरकार किसानों की खुशहाली और उनकी समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हम न केवल किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए संकल्पित हैं, बल्कि उनके जीवन में सुख और आनंद के सूर्योदय का भी प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाये बिना प्रदेश के सर्वांगीण विकास की कल्पना अधूरी है।

हमारी सरकार किसानों के हर सुख-दुख में साथ है। इसी का परिणाम है कि मध्यप्रदेश सरकार निरंतर किसान हितैषी ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। आज मैं ऐसे विषय पर संवाद कर रहा हूं, जो हमारे प्रदेश की आत्मा, हमारे अन्नदाता यानी किसानों से जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है और इसी भावना के साथ इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में समर्पित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं प्रदेशवासियों से यह साझा करना चाहता हूं कि प्रदेश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन को देखते हुए हमने केंद्र सरकार से खरीदी की सीमा बढ़ाने का आग्रह किया था। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। यह 22 लाख मीट्रिक टन की अभूतपूर्व वृद्धि न केवल हमारे किसानों की मेहनत का सम्मान है, बल्कि उनकी आय को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे यह बताते हुए भी अत्यंत प्रसन्नता है कि आज से पूरे प्रदेश के छोटे/बड़े सभी किसान भाइयों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग पूरी तरह से खोली जा चुकी है। गेहूं उपार्जन अब सप्ताह में 6 दिन होगा और शनिवार को अवकाश नहीं रहेगा। उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन निर्बाध रूप से जारी रहेगा।

## बालाजी रील कॉम्पिटिशन में खंडवा के युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, मिले पुरस्कार



ब्रह्मास्त्र » खंडवा

बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित 'बालाजी रील प्रतियोगिता २०२६' का भव्य समापन हुआ, जिसमें शहर के साथ ही ग्रामीण के युवाओं ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई...

सोशल मीडिया के इस दौर में खंडवा के युवाओं को अपनी कला और रचनात्मकता को प्रस्तुत करने का मौका मिला , जिसे दर्शकों और निर्णायक मंडल द्वारा खूब सराहा गया प्रतियोगिता के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पुरस्कार वितरण समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम पुरस्कारः 11 हजार - दिव्य शर्मा, द्वितीय पुरस्कारः 7100 मोहम्मद रेहान, तृतीय पुरस्कारः 5100 - संस्कृति जैन एवं विशेष श्रेणियों में प्रतिभाओं का सम्मान हुआ, इसके अंतर्गत सोशल मीडिया पर मिली लोकप्रियता के आधार पर कुछ प्रतिभागियों को विशेष श्रेणियों में 5100 रुपए के नगद राशि से पुरस्कृत किया गया जिसमें मोस्ट लाइक्स कैटेगरीः खुशी चटर्जी, मोस्ट शेयर्स कैटेगरीः प्रगति कुशवाहा, मोस्ट व्यूज कैटेगरीः शाहरुख को पुरस्कार मिला...कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालाजी ग्रुप की एमडी स्नेहा रितेश गोयल ने सम्मिलित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार मालानी ने किया, इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के पिंकू अग्रवाल, संदीप चौहान एवं चक्रेश भावसार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बालाजी ग्रुप के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।बालाजी ग्रुप की एमडी स्नेहा गोयल ने बताया कि बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। आयोजन की सफलता को देखते हुए ग्रुप ने भविष्य में भी ऐसे ही रचनात्मक मंच प्रदान करने का संकल्प लिया है।

## जिले में नरवाई जलाने पर एक लाख दस रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित

ब्रह्मास्त्र » रतलाम

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए समझाइश दी जा रही है साथ ही मशीनों का डीमोस्ट्रेशन कर नरवाई प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । नरवाई जलाने के नुकसानो की भी जानकारी किसानों को दी जा रही है । उसके बाद भी नरवाई जलाने की घटना कारित करने वाले किसानों पर शासन के निर्देशानुसार अर्थदंड की कार्यवाही भी की जा रही है ।

सेटेलाइट से प्राप्त डाटा अनुसार जिले में आज दिनांक तक नरवाई जलाने की 296 घटनाएं दर्ज की गई,जिसमें 114 पर कार्यवाही करते हुए किसानों पर प्रशासन द्वारा सख्ती करते हुए अभी तक कुल एक लाख दस रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया जा चुका है शेष प्रकरणों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सेटेलाइट से प्राप्त डाटा अनुसार आज दिनांक तक रतलाम ग्रामीण तहसील में 53 घटनाएं, रतलाम शहर में 36 घटनाएं, ताल में 37 घटनाएं, आलोट में 78 घटनाएं, जावरा में 30 घटनाएं, पिपलौदा में 51 घटनाएं, बाजना में 4 घटनाएं, सैलाना में 7 घटनाएं दर्ज की गई है। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि फसलों के अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय इसे आधुनिक तरीकों से खाद में परिवर्तित कर मृदा की उर्वरकता बढ़ाएं।

### स्त्री रोग विशेषज्ञों ने 503 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की

**खंडवा ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान₹ के तहत मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनकी प्रसव पूर्व जांच की जाती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सको द्वारा गर्भवति एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया जाता है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 4 केंद्रों पर एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर

जिला मुख्यालय पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए शहर में कुल चार केंद्र बनाए गए थे, जहां आयोग के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए शहर के बाल कृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर और महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और भारी पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर ही अनुमत और वर्जित वस्तुओं की सूची चस्पा कर दी गई थी। जांच में सख्ती का आलम यह रहा कि सुरक्षा नियमों के चलते कई परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर बिना चप्पल के ही नजर आए। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर अपने साथ केवल बॉलपेन, एक पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र ही ले जाने की अनुमति दी गई थी। परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने और पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया अपनाई गई।

बाल कृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय के वी.एस. विभूति ने बताया कि प्रवेश के दौरान सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया गया और उनके प्रवेश पत्रों की स्कैनिंग की गई। इसके साथ ही हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) के जरिए सभी की बारीकी से तलाशी ली गई। जांच प्रक्रिया के दौरान पुरुष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरुष वीक्षकों द्वारा की गई, जबकि महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए अलग केबिन बनाए गए थे, जहां महिला वीक्षकों ने यह जिम्मेदारी निभाई। आयोग के निर्देशों के तहत ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को यह विशेष विकल्प दिया गया था कि वे अपनी सुविधा के अनुसार महिला या पुरुष कर्मचारी से अपनी जांच करवा सकते हैं। इस कड़ी त्रिस्तरीय जांच को पार करने के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा का आयोजन दो अलग-अलग सत्रों में व्यवस्थित रूप से किया गया। प्रथम सत्र के लिए परीक्षार्थियों को सुबह 9:15 बजे से प्रवेश दिया गया। इसके बाद 9:45 से 10:00 बजे तक ओएमआर शीट का वितरण किया गया, जिसके तत्काल बाद परीक्षा शुरू हुई। वहीं, द्वितीय सत्र की परीक्षा के लिए दोपहर 1:30 बजे से परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। दोपहर 2:00 बजे से 2:15 बजे तक ओएमआर शीट बांटी गई और दोपहर 2:15 से शाम 4:15 बजे तक द्वितीय सत्र की परीक्षा का सफल संचालन किया गया। प्रशासन की मुस्तैदी से दोनों ही सत्रों की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुईं।



## आईपीएल के बीच शिमला पहुंचीं प्रीति जिंटा

### किन्नौरी टोपी में शेयर की फोटो, बोलीं- 'गर्मी और आईपीएल से ब्रेक लेने आई हूं

बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल की बेटी प्रीति जिंटा देश में आईपीएल के रोमांच के बीच शिमला पहुंची हैं। प्रीति ने खुद सोशल मीडिया पर पहाड़ी एवं किन्नौर टोपी के साथ अपनी फोटो शेयर की। अब उनका यह पोस्ट खूब वायरल हो रहा है। इस पर कैप्शन लिखा कि हिमाचल की अपनी छोटी, लेकिन प्यारी यात्रा के हर पल का मजा ले रही हूं, गर्मी और आईपीएल से थोड़े आराम के लिए आई हूं। प्रीति आगे लिखती हैं- उफ! ये पहाड़ तो सच में बहुत जादुई हैं। पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा रोहड़ू से संबंध रखती हैं। वह जब भी हिमाचल आती हैं, अपनी पुरानी यादों को फिर से जीती नजर आती हैं। करीब तीन महीने पहले भी वह अपने बच्चों के साथ यहां आई थीं। उस दौरान उन्होंने बर्फबारी के बीच बिताए खास पलों को साझा करते हुए एक भावुक पोस्ट लिखा था। उन्होंने लिखा था कि बच्चों के साथ मिलकर उन्होंने बर्फ से एक स्नो गर्ल बनाई, जिसे सुंदर स्नो स्कर्ट से सजाया गया। यह छोटा-सा अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा और उन्हें अपने बचपन के दिनों में ले गया। शिमला जिले से ताल्लुक रखने वाली प्रीति अक्सर अपनी जड़ों से जुड़ी दिखाई देती हैं। चाहे सोशल मीडिया हो या सार्वजनिक मंच, वह अपने पहाड़ी बचपन, संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता को गर्व के साथ साझा करती हैं। उनका ताजा पोस्ट भी इसी गहरे जुड़ाव को दर्शाता है।

### नेहा पेंडसे को सड़क पर शख्स ने पकड़ लिया था

# एक्ट्रेस ने डर के मारे चाबी शख्स की गाड़ी पर फेंक दी थी



टीवी एक्ट्रेस नेहा पेंडसे ने हाल ही में बताया कि मुंबई में सुबह जॉगिंग के दौरान एक बार एक शख्स ने रास्ता पूछने के बहाने गाड़ी रोकी और अचानक उनको पकड़ लिया था। नेहा पेंडसे ने दिए एक इंटरव्यू में बताया कि वह एक सुबह मुंबई में जॉगिंग के लिए निकली थीं। जब एक आदमी ने अपनी कार उनके पास रोकी और धीमी आवाज में रास्ता पूछा, तो उन्हें समझ नहीं आया कि वह क्या कह रहा है। जब उन्हें ठीक से समझ नहीं आया, तो वह पास गईं और उसकी बात सुनने की कोशिश की। एक्ट्रेस ने कहा, जैसे ही मैं उसके पास गई,



उसने अचानक मुझे पकड़ लिया और इससे पहले कि मैं कुछ समझ पाती, वह गाड़ी चलाकर चला गया।



### नेहा ने गुस्से में चाबी फेंकी थी

नेहा ने कहा कि उस समय उनके हाथ में उनकी कार की चाबी थी, जिसमें बड़ा रिमोट ब्लॉक लगा हुआ था। उन्होंने तुरंत गुस्से और डर में वह चाबी उस व्यक्ति की गाड़ी पर फेंक दी, जो जाकर उसकी गाड़ी के पीछे के शीशे पर लगी।

उन्होंने आगे बताया, शख्स ने जब जोर से ब्रेक मारा, उस वक्त मेरी हालत खराब हो गई थी। एक सेकंड के लिए वह रुक गया। मुझे लगा कि अगर उसने गाड़ी रिवर्स ले ली तो मैं क्या करती? नेहा के अनुसार, वह व्यक्ति यह देखने के लिए रुका था कि उसकी गाड़ी को कितना नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वह उनकी जिंदगी का सबसे डरावना एक सेकंड था, जिसे वह कभी नहीं भूल सकतीं।

### चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में करियर की शुरूआत की थी

नेहा पेंडसे ने 1995 में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। उनका पहला शो कैप्टन हाउस था, जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय वह सिर्फ 10 साल की थीं। इसके बाद उन्होंने 'हसरतें' और 'पड़ोसन' जैसे कई टीवी शो में काम किया। फिल्मों में उन्होंने 1999 में फिल्म दागः द फायर से डेब्यू किया। इसके बाद वह फिल्म प्यार कोई खेल नहीं में भी दिखीं। नेहा ने तमिल और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। नेहा 'मे आई कम इन मैडम?' और 'भाबीजी घर पर हैं!' जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं। वह आखिरी बार 2024 में टीवी शो 'मे आई कम इन मैडम 2' में दिखी थीं। उसी साल वह मराठी फिल्म 'तिघी' में भी दिखीं, जिसे उन्होंने अपने पति शार्दुल सिंह ब्यास के साथ प्रोड्यूस किया था।




## फेंटी ब्यूटी के इवेंट में शामिल हुईं रिहाना

### सिंगर ने हिंदी में कहा शुक्रिया, ईशा अंबानी के साथ तस्वीर क्लिक करवाई

मुंबई के फीनिक्स पैलेडियम में शुक्रवार को इंटरनेशनल पॉप स्टार रिहाना अपने कॉस्मेटिक ब्रांड फेंटी ब्यूटी के भारत में आधिकारिक लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं। इस इवेंट को फेंटी ब्यूटी की हवेली नाम दिया गया था। कार्यक्रम में रिलायंस रिटेल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मौजूद थीं। इसके अलावा एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर, अदिति भाटिया और कई बॉलीवुड सेलेब्स भी इवेंट में शामिल हुए। वहीं, इवेंट के दौरान रिहाना ने हिंदी में बात करने की कोशिश भी की। रिहाना स्टोर के अंदर से बाहर आती हैं और पैपराजी से पूछती हैं, हिंदी में थैंक यू कैसे कहते हैं?। जब उन्हें स्टोर के अंदर से किसी ने शुक्रिया शब्द बताया, तो वह फिर से मुस्कुराते हुए बाहर आईं और जोर से शुक्रिया कहा। बता दें कि फीनिक्स पैलेडियम में 25 अप्रैल से 4 मई 2026 तक यह खास पॉप-अप स्टोर खुला रहेगा, जहां फेंटी ब्यूटी के अलग-अलग शेड्स और प्रोडक्ट्स को लोग करीब से देख और ट्राय कर सकेंगे।


# ड्रग केस में सेलिब्रिटीज के खिलाफ ठोस सबूत नहीं

## 252 करोड़ के मेफेड्रोन मामले में नोरा फतेही-श्रद्धा कपूर के नाम सामने आए थे

मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल 252 करोड़ रुपए के ड्रग्स केस में आरोपी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख उर्फ लैविश के खिलाफ अगले हफ्ते चार्जशीट दाखिल करेगी। जांच के दौरान कई सेलिब्रिटीज के नाम सामने आए थे, लेकिन उनके खिलाफ अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है।

यह बात एक सीनियर ऑफिसर ने मुंबई मिरर के साथ बातचीत में कही। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ आरोपी के बयान के आधार पर किसी की भूमिका तय नहीं की जा सकती।

लैविश फरार ड्रग माफिया सलीम डोला का करीबी माना जाता है। यह मामला साल 2022 में ड्रग्स बनाने और सप्लाई करने से जुड़ा है। लैविश को यूएई से भारत लाया गया था। मुंबई मिरर ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया कि वह दाऊद इब्राहिम गैंग से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का अहम सदस्य है। चार्जशीट में ड्रग्स बनाने की यूनिट, सप्लाई का पूरा नेटवर्क और पैसों के लेन-देन की जानकारी शामिल होगी।



### आरोपी ने सेलेब्स के नाम लिए थे

रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी रिमांड एप्लीकेशन में अठउ ने कोर्ट को बताया कि लैविश ने दुबई और मुंबई में पार्टियां होस्ट की थीं। इन पार्टियों में कथित तौर पर कई सेलिब्रिटी और जाने-माने लोग शामिल हुए थे, जिनमें एक्ट्रेस नोरा फतेही और श्रद्धा कपूर, फिल्ममेकर जोड़ी अब्बास-मस्तान, इन्फ्लुएंसर ओरी शामिल थे। वहीं, पिछले साल सिद्धांत कपूर और ओरी से अठउ ने पूछताछ की थी।

### क्या है पूरा मामला ?

इस मामले की शुरूआत अगस्त 2022 में एएनसी की एक कार्रवाई से हुई थी। उस समय मुंबई के एक व्यक्ति को मेफेड्रोन ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद एक बड़े ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क का खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि इस रैकेट के कुछ हैंडलर दुबई से काम कर रहे थे और पैसों के लेन-देन के लिए हवाला का इस्तेमाल किया जा रहा था। मार्च 2024 में सांगली जिले में मेफेड्रोन बनाने की एक फैक्ट्री पकड़ी गई। यहां से 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स और संपत्ति जब्त की गई। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह यूनिट सलीम डोला और उसके साथियों के नेटवर्क से जुड़ी थी।

### नोरा फतेही ने दी आरोपों पर सफाई दी थी

16 नवंबर 2025 को नोहा फतेही ने ड्रग केस में नाम आने के बाद सफाई देते हुए लिखा था, मैं पार्टियों में नहीं जाती, मैं हमेशा फ्लाइट्स पर रहती हूं, मैं वर्कहॉलिक हूं, मेरी कोई पर्सनल लाइफ नहीं है, मैं ऐसे लोगों के साथ जुड़ती भी नहीं हूं और अपनी छुट्टी के दिनों में मैं दुबई में बीच पर या अपने हाई स्कूल दोस्तों के साथ घर पर होती हूं। मैं अपना पूरा दिन और रात अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में लगाती हूं। आगे उन्होंने लिखा था, जो भी पढ़ते हो, उस पर भरोसा मत करो। लगता है मेरा नाम इस्तेमाल करना बहुत आसान है, लेकिन इस बार मैं ऐसा होने नहीं दूंगी। ये पहले भी हुआ है, आप लोगों ने झूठ फैलाकर मुझे बर्बाद करने की कोशिश की थी, लेकिन वो कामयाब नहीं हुई। मैंने चुपचाप देखा जब हर कोई मेरी छवि खराब करने, मेरा नाम बदनाम करने और मुझे क्लिकबेट की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा था। कृपया मेरा नाम और मेरी तस्वीर उन मामलों में इस्तेमाल करने से बचें जिनका मुझसे जरा भी संबंध नहीं है। इसकी बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।



### कोलकाता ने जीता आईपीएल 2026 का पहला सुपर ओवर

# रिंकू ने 83 रन बनाने के साथ 5 कैच लपके

## अंगकृष रघुवंशी का विवादित रनआउट, शमी के सिक्स से मैच टाई हुआ, लखनऊ घर में आठवां मैच हारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ



कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के 38वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराया। रविवार को अंगकृष रघवुंशी फील्डिंग में रुकावट डालने पर रनआउट दिए गए। रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में लगातार 4 सिक्स लगाए। उन्होंने 5 कैच भी लपके। मोहम्मद शमी ने आखिरी गेंद पर सिक्स लगाकर मैच टाई कराया।

**लखनऊ लगातार आठवां मैच हारी–** आईपीएल में होम ग्राउंड पर लगातार हार के मामले में लखनऊ सुपर जायंट्स अब टॉप लिस्ट में शामिल हो गई है। टीम को लखनऊ में लगातार 8वीं हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह इस अनचाहे रिकॉर्ड में डेक्कन चार्जर्स के बराबर पहुंच गई। इस लिस्ट में सबसे ऊपर दिल्ली है, जिन्हें अपने घरेलू मैदान पर लगातार 9 मैचों में हार मिली थी।

**रिंकू आईपीएल में 50+ रन और 4+ कैच लेने वाले चौथे खिलाड़ी–** रिंकू सिंह ने रविवार को में 83 रन और 5 कैच लेकर रिकॉर्ड बना दिया। वे ऐसा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले जैक कैलिस, रियान पराग और डेरिल मिचेल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

**मोहसिन ने सीजन का पहला 5 विकेट हॉल लिया–** मोहसिन खान ने कोलकाता के खिलाफ 4 ओवर में 23 रन देकर 5 विकेट लिए। यह इस आईपीएल में किसी भी गेंदबाज का एक मैच में बेस्ट बॉलिंग स्पेल रहा। मोहसिन ने रहाणे, सइफर्ट, ग्रीन और पावेल को आउट किया। दूसरे नंबर पर सीएसके के अकील हुसैन हैं, जिन्होंने एमआई के खिलाफ 17 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

**रघुवंशी फील्डिंग में रुकावट के लिए रनआउट दिए गए–** पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर कोलकाता के अंगकृष रघुवंशी अजीबोगरीब तरीके से आउट दिए गए। प्रिंस यादव की गेंद को उन्होंने मिड-ऑन की ओर खेला और रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन बीच में ही वापस लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी ने रनआउट के लिए थ्रो किया। रघुवंशी ने क्रीज में पहुंचने की कोशिश में डाइव लगाई, लेकिन वे लाइन से थोड़ा बाहर गेंद की दिशा में चले गए। एलएसजी की अपील पर थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद फैसला दिया कि रघुवंशी ने गेंद की लाइन में आकर फील्डिंग में बाधा डाली, जिसके चलते उन्हें ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड आउट करार दिया गया। इससे पहले युसुफ पठान, अमित मिश्रा और रवींद्र जडेजा को भी इस नियम के तहत आउट दिया जा चुका है।

**रिंकू ने चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की–** कोलकाता की पारी के 19वें ओवर में रिंकू सिंह चौका लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। ओवर की दूसरी गेंद पर शमी ने यॉर्कर डालने की कोशिश की, लेकिन वे लेंथ से चूक गए। रिंकू ने लेग साइड में पीछे हटते हुए एक्स्ट्रा कवर के पास से गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचा दिया। इसी के साथ रिंकू ने 42 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की।

**3. रिंकू ने दिग्वेश को लगातार 4 छक्के मारे–** कोलकाता की पारी के आखिरी ओवर में रिंकू सिंह ने दिग्वेश राठी को 4 सिक्स लगा दिए। उन्होंने दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी गेंद पर छक्के लगाए। दिग्वेश के इस ओवर में 2 वाइड सहित 26 रन बने।

**पॉवेल ने डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा–** एलएसजी की पारी के दूसरे ओवर में पॉवेल ने डाइव करते हुए शानदार कैच पकड़ा। वैभव अरोड़ा की पहली गेंद पर मिशेल मार्श ने पुल शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं हुई। मिड-ऑन पर खड़े रोवमैन पॉवेल ने पीछे दौड़ते हुए डाइव लगाया और कैच पकड़ा। हालांकि इस दौरान उन्हें चोट भी लगी।

**रिंकू ने बाउंड्री लाइन पर छलांग लगाकर कैच लपका–** लखनऊ की पारी के दौरान कोलकाता के रिंकू सिंह ने बाउंड्री लाइन पर गजब कैच पकड़ा। 11वें ओवर की दूसरी गेंद कैमरन ग्रीन ने फुल लेंथ डाली। ऐडन मार्करम ने लॉन्ग-ऑफ की दिशा में लॉफ्टेड शॉट खेला। वहां रिंकू सिंह मौजूद थे। उन्होंने बाउंड्री लाइन के बेहद करीब छलांग लगाकर गेंद को पकड़ा, फिर बाउंड्री रोप के बाहर जाने से पहले गेंद को हवा में फेंक दिया और फिर अंदर आकर कैच पूरा किया। मार्करम 31 रन बनाकर आउट हुए।

# लड़की ने अभिषेक शर्मा का हाथ पकड़कर खींचा



### जयपुर में स्टेडियम जाते वक्त होटल की लॉबी की घटना, सुरक्षाकर्मियों ने छुड़वाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के प्लेयर अभिषेक शर्मा का एक लड़की ने हाथ पकड़कर खींच लिया। अचानक हुई इस घटना से अभिषेक चौंक गए। इस दौरान उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने लड़की से हाथ छुड़वाया और अभिषेक को लेकर रवाना हुए। घटना शनिवार की है, लेकिन इसका वीडियो रविवार को आया है।

दरअसल, अभिषेक शर्मा शनिवार को राजस्थान के खिलाफ क्ढछ मैच के लिए होटल से रटर स्टेडियम जा रहे थे। इसी दौरान होटल की लॉबी में यह घटना हुई। इस घटना के बाद अभिषेक मुस्कुराते हुए नजर आए।

मैच से पहले होटल से निकलने दौरान हुई घटना जयपुर के रटर स्टेडियम में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद का मैच राजस्थान रॉयल्स के साथ था। अभिषेक मैच के लिए स्टेडियम के पास स्थित होटल से निकल रहे थे। इस दौरान भीड़ के बीच से एक महिला फैन अभिषेक शर्मा के करीब पहुंची और उनका हाथ पकड़कर अपनी ओर खींचने लगी। इस दौरान क्रिकेटर के साथ मौजूद सुरक्षा कर्मी तुरंत हरकत में आए और महिला फैन से अभिषेक का हाथ छुड़वाया और उनको लेकर स्टेडियम के लिए रवाना हुए। हालांकि यह घटना कुछ सेकंड की थी, लेकिन अचानक हुई इस हरकत से अभिषेक शर्मा असहज और हैरान नजर आए।












## गिफ्ट सिटी फंड्स

# सिर्फ डबल बेनिफिट नहीं, यह ग्लोबल सोच का रास्ता



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

गिफ्ट सिटी फंड्स भारतीय निवेशकों को वैश्विक बाजारों में निवेश का आसान रास्ता देते हैं। ये फंड्स न सिर्फ ग्रोथ के नए अवसर खोलते हैं, बल्कि मुद्रा लाभ और पोर्टफोलियो विविधता भी प्रदान करते हैं। हालांकि, करेंसी जोखिम और वैश्विक उतार-चढ़ाव को समझना जरूरी है।

**गिफ्ट सिटी फंड्स आखिर हैं क्या-** गुजरात में बना गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी भारत का पहला इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेस सेंटर है। यहां काम करने वाले म्यूचुअल फंड्स और अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स को गिफ्ट सिटी फंड्स कहा जाता है।

**यह कैसे काम करता है-** अगर आप गिफ्टी सिटी फंड में निवेश करते हैं, तो आपका पैसा सीधे भारतीय बाजार में नहीं जाएगा, बल्कि विदेशी एसेट्स में लगाया जाएगा। फंड मैनेजर इस पूंजी को वैश्विक कंपनियों, बॉन्ड्स या अन्य निवेश साधनों में लगाता है। आसान शब्दों में कहें तो आप बिना विदेश गए, दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का हिस्सा बन जाते हैं।

### गिफ्ट सिटी का असली फायदा क्या है?

**ग्रोथ का फायदा:** जब विदेशी निवेशक भारत में गिफ्ट सिटी के जरिये निवेश करते हैं, तो उन्हें भारत की विकास गाथा का लाभ मिलता है और भारत को वैश्विक पूंजी मिलती है। यह भारत के ग्रोथ इंजन को और ज्यादा मजबूत बनाता है।

**वैश्विक वृद्धि :** जब आप गिफ्ट सिटी के जरिए बाहर निवेश करते हैं, तब आपको एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल जैसी कंपनियों में हिस्सा मिलता है। एस एंड पी 500, नैस्डैक जैसी अर्थव्यवस्था में शामिल होने का मौका मिलता है।

## रिपोर्ट का दावा- देश में कैश और डिजिटल भुगतान दोनों जरूरी

# संकट के दौर में बढ़ा नकदी रखने का रुझान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में नकद और डिजिटल भुगतान दोनों समान रूप से जरूरी हैं। छोटे लेनदेन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ा है, जबकि आपात स्थिति और अनिश्चितता के कारण लोग नकदी भी अपने पास रख रहे हैं।

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था में नकद और डिजिटल भुगतान दोनों की अपनी-अपनी अहम भूमिका है। रिपोर्ट के मुताबिक, नकदी और डिजिटल माध्यम एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक हैं। लोग रोजमर्रा के छोटे भुगतान, खरीदारी और रिटेल ट्रांजैक्शन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल तेजी से कर रहे हैं, लेकिन आपात स्थिति, बचत और अनौपचारिक लेनदेन के लिए अब भी नकदी अपने पास रखना पसंद करते हैं।

**ई-रुपये को लेकर क्या कहते हैं-** रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने ई-रुपया यानी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी लॉन्च कर दी है, लेकिन इसका प्रसार अभी बेहद सीमित है। मार्च 2025 तक ई-रुपये का कुल प्रचलन सिर्फ 1,016 करोड़ रुपये रहा। रिपोर्ट के अनुसार, इसके व्यापक इस्तेमाल के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने, उपयोग को आसान बनाने और फिनटेक प्लेटफॉर्म्स के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की जरूरत है।

**प्रति व्यक्ति आय से जुड़ी दिलचस्प बातें-** अध्ययन में प्रति व्यक्ति आय और नकदी के उपयोग से जुड़े दिलचस्प आंकड़े भी सामने आए हैं। वित्त वर्ष 2012 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 71,609 रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2026 तक बढ़कर 2,51,393 रुपये हो गई। इस दौरान इसकी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 9.4 प्रतिशत रही। वहीं, प्रति व्यक्ति चलन में नकदी 8,762 रुपये से बढ़कर 29,324 रुपये पहुंच गई, जिसकी सीएजीआर 9.0 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया कि जीडीपी और नकदी वृद्धि दर के बीच 0.4 प्रतिशत का अंतर लगभग प्रति व्यक्ति यूपीआई लेनदेन के बराबर है, जो वित्त वर्ष 2026 में 1,301 रुपये रहा।

**500 रुपये के नोटों का है दबदबा-** नोटों के प्रचलन पर रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मूल्य के हिसाब से 500 रुपये के नोटों का दबदबा बना हुआ है। मार्च 2025 तक कुल चलन में नकदी मूल्य का 86 प्रतिशत हिस्सा 500 रुपये के नोटों का था, जो मार्च 2023 में 77 प्रतिशत था। इस असंतुलन को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि वे एटीएम में नियमित रूप से 100 और 200 रुपये के नोट उपलब्ध कराएं।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि मार्च 2026 तक 100 रुपये के नोटों की हिस्सेदारी 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई है, जबकि 500 रुपये के नोटों की हिस्सेदारी करीब 86 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। इससे संकेत मिलता है कि छोटे मूल्यवर्ग के नोटों की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में कुछ सुधार हुआ है।




### एटीएम निकासी और नकदी भंडारण के आंकड़ों पर भी जोर

हालांकि रिपोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रति व्यक्ति यूपीआई लेनदेन की तुलना सीधे नकदी से नहीं की जा सकती, क्योंकि एक व्यक्ति सुविधा के कारण कई बार यूपीआई ट्रांजैक्शन कर सकता है, जबकि नकदी लंबे समय तक पास रखी जा सकती है।

रिपोर्ट में एटीएम निकासी और नकदी भंडारण के आंकड़ों पर भी जोर दिया गया है। इसमें कहा गया कि प्रति व्यक्ति चलन में नकदी और एटीएम से निकाली गई नकदी के बीच अंतर वित्त वर्ष 2024 में 1,804 रुपये था, जो वित्त वर्ष 2026 में बढ़कर 9,127 रुपये हो गया। यानी दो वर्षों में यह अंतर पांच गुना बढ़ा है। एसबीआई रिसर्च का मानना है कि यह बढ़ोतरी लोगों द्वारा एहतियातन नकदी जमा रखने की प्रवृत्ति को दशार्ती है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा वैश्विक तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण लोग अतिरिक्त नकदी रखना पसंद कर रहे हैं। इसी तरह का रुझान रुस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भी देखा गया था।

## व्यापार घाटे को

# कम करने के लिए योजना



### चीन को निर्यात बढ़ाने के साथ आयात निर्भरता घटाने की रणनीति

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

भारत चीन को निर्यात बढ़ाने और आयात निर्भरता कम करने के लिए एक विविध रणनीति अपना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घरेलू क्षमताओं को मजबूत किया जा रहा है। आपूर्तिकर्ता आधार का विविधीकरण भी किया जा रहा है। अधिकारी के अनुसार, चीन से पूरी तरह से अलग होना मुश्किल है। चीनी इनपुट भारत के औद्योगिक विकास का आधार हैं। भारत मुख्य रूप से कच्चा माल, मध्यवर्ती और पूंजीगत वस्तुएं आयात करता है। इनमें ऑटो पाट्‌र्स, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे और मोबाइल फोन घटक शामिल हैं। मशीनरी और सक्रिय दवा सामग्री भी आयात की जाती है। इनका उपयोग तैयार माल के उत्पादन और घरेलू विनिर्माण में होता है। 2025-26 में भारत का चीन को निर्यात 37 फीसदी बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया। यह 2024-25 में 14.25 अरब डॉलर था। चीन से आयात 16 फीसदी बढ़कर 131.63 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 2025-26 में 112.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

**निर्यात और आयात में वृद्धि-** पिछले वित्तीय वर्ष में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और बिजली के उपकरणों के निर्यात में वृद्धि हुई। टेलीफोन सिस्टम, झींगा और एल्यूमीनियम सिल्लियां भी प्रमुख निर्यात वस्तुएं थीं। हालांकि, चीन के आयात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निर्यात बास्केट को व्यापक करना आवश्यक है। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी और फार्मास्यूटिकल्स सामग्री के आयात में वृद्धि हुई है। ऑटो पाट्‌र्स, दूरसंचार उपकरण और औद्योगिक मशीनरी का आयात भी बढ़ा है।

## आरबीआई की कार्रवाई पर पेटीएम का बयान : पेटीएम पर कोई असर नहीं

# कारोबार पर कोई असर नहीं, सेवाएं जारी रहेंगी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पेटीएम ने कहा है कि पीपीबीएल पर रिजर्व बैंक की कार्रवाई का उसके कारोबार या वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि पीपीबीएल एक स्वतंत्र इकाई है और पेटीएम की सभी सेवाएं पहले की तरह सामान्य रूप से जारी हैं।

पेटीएम ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी के कारोबार या वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसका पेमेंट्स बैंक के साथ कोई बड़ा कारोबारी समझौता या वित्तीय जोखिम नहीं है।

दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि बैंक के कामकाज में बैंक और उसके जमाकर्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले तरीके अपनाए जाने के कारण लाइसेंस रद्द किया गया है।




**पीपीबीएल पूरी तरह स्वतंत्र रूप से करता है काम-** कंपनी ने नियामकीय फाइलिंग में बताया कि पीपीबीएल पूरी तरह स्वतंत्र रूप से काम करता है और पेटीएम का उसके बोर्ड या प्रबंधन में कोई दखल नहीं है। कंपनी ने कहा कि 1 मार्च 2024 को भी यह जानकारी दी गई थी कि उसका पीपीबीएल में कोई एक्सपोजर नहीं है और न ही कोई महत्वपूर्ण बिजनेस व्यवस्था है।

पेटीएम ने यह भी कहा कि उसके किसी भी सर्विस का संचालन पीपीबीएल के साथ साझेदारी में नहीं हो रहा है। कंपनी के अनुसार, उसने 31 मार्च 2024 को ही पीपीबीएल में अपने निवेश का मूल्यह्रास (इम्पेयरमेंट) कर दिया था, इसलिए मौजूदा कार्रवाई का उस पर कोई सीधा वित्तीय असर नहीं है।

**पेटीएम ने दिलाया भरोसा-** कंपनी ने भरोसा दिलाया कि उसकी सभी सेवाएं पहले की तरह बिना रुकावट जारी हैं। इनमें पेटीएम एप, पेटीएम यूपीआई, पेटीएम गोल्ड, पेटीएम क्यूआर, पेटीएम साउंडबॉक्स, पेटीएम कार्ड मशीनें, पेटीएम पेमेंट गेटवे और पेटीएम मनी जैसी सेवाएं शामिल हैं। कंपनी ने जोर देकर कहा कि आरबीआई की कार्रवाई केवल पीपीबीएल से जुड़ा मामला है और इसे पेटीएम से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

### कंपनी के हाल के वर्षों का प्रदर्शन

वहीं कारोबार के मोर्चे पर कंपनी ने हाल के वर्षों में मजबूत प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2026 में कंपनी लगातार तीन तिमाहियों से मुनाफे में रही है, जो उसके मजबूत बिजनेस मॉडल का संकेत माना जा रहा है। कंपनी ने 559 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। यदि पेटीएम फर्स्ट गेम्स को दिए गए कर्ज से जुड़े 190 करोड़ रुपये के एकमुश्त खर्च को हटाया जाए, तब भी कंपनी का शुद्ध लाभ 369 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर तिमाही में कंपनी का कर पश्चात लाभ 225 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 433 करोड़ रुपये की बढ़त है। ईबीआईटीडीए बढ़कर 156 करोड़ रुपये पहुंच गया और ईबीआईटीडीए मार्जिन 7 फीसदी रहा। वहीं अंशदान लाभ 30 फीसदी बढ़कर 1,249 करोड़ रुपये रहा। पेटीएम का यूपीआई कारोबार भी लगातार मजबूत हो रहा है। कंपनी के अनुसार, पिछले नौ महीनों में उसका उपभोक्ता वढकका सकल बाजार मूल्य 35 फीसदी बढ़ा, जबकि पूरे उद्योग की वृद्धि दर 16 फीसदी रही।

# आरबीआई ने डिजिटल वॉलेट्स के लिए कड़े नियमों का रखा प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड (पीपीआई) के उपयोग को सुरक्षित बनाने के लिए कड़े नियमों का मसौदा जारी किया है। इसमें गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए कम से कम 5 करोड़ रुपये की नेट-वर्थ और एक अलग एस्क्रो खाता अनिवार्य किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आम लोगों को बड़ी राहत देने और धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आजकल हर कोई डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में ग्राहकों की सुरक्षा, उनके पैसों की हिफाजत और कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए आरबीआई ने नए और कड़े नियमों का एक मसौदा (ड्राफ्ट) तैयार किया है। इसका मुख्य लक्ष्य डिजिटल लेन-देन को और अधिक सुरक्षित बनाना है।

इस नई योजना के तहत, आरबीआई ने प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) यानी डिजिटल वॉलेट के लिए एक मास्टर निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार, जो बैंक डेबिट कार्ड जारी करते हैं, वे अब 'पेमेंट और सेटलमेंट सिस्टम विभाग' (डीपीएसएस) को सूचना देकर सीधे डिजिटल वॉलेट या प्रीपेड कार्ड जारी कर सकेंगे। इसके अलावा, जो कंपनियां बैंक नहीं हैं, उन्हें भी वॉलेट सेवा शुरू करने के लिए कम से कम 5 करोड़ रुपए की नेट-वर्थ दिखानी होगी और अपने ऑडिटर से इसका प्रमाण पत्र देना होगा। केंद्रीय बैंक ने इस प्रस्ताव पर 22 मई, 2026 तक जनता से सुझाव मांगे हैं।

**गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए क्या हैं नए नियम-** इस नए ड्राफ्ट में गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए नियम काफी सख्त किए गए हैं। इन कंपनियों को अनुमति मिलने के तीसरे साल के अंत तक अपनी कुल नेट-वर्थ बढ़ाकर 15 करोड़ रुपए करनी होगी। साथ ही, इन कंपनियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे ग्राहकों के वॉलेट में जमा किए गए पैसों को एक अलग 'रुपया एस्क्रो खाते' में सुरक्षित रखें। यह खाता भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त कमर्शियल बैंक में होना चाहिए, ताकि लोगों का पैसा पूरी तरह से सुरक्षित रहे।

# चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है भारत, अमेरिकी प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इनकार किया है।

भारत को नवंबर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है।

रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी।

भारत इस अस्थायी ट्रांसफर को अमेरिका और ईरान के बीच बैलेंस बनाने की कोशिश के तौर पर देख रहा है। एक तरफ अमेरिका का ईरान पर सख्त प्रतिबंध है, वहीं दूसरी तरफ चाबहार पोर्ट भारत की रणनीति का अहम हिस्सा है। यह पोर्ट पाकिस्तान को बायपास करते हुए सीधे अफगानिस्तान तक पहुंच देता है। चाबहार पोर्ट होर्मुज स्ट्रेट के पास है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। इसकी लोकेशन इसे रणनीतिक रूप से और महत्वपूर्ण बनाती है।




## गुजरात निकाय चुनाव में 57.8% वोटिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात में रविवार को स्थानीय और नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक 57.08% मतदान दर्ज किया गया है। इसमें से 15 नगर निगमों में 49%, 84 नगर निगमों में 58.12%, 34 जिला पंचायतों में 60.21% और 260 तालुका पंचायतों में 61% मतदान दर्ज किया गया। मतगणना 28 अप्रैल को होगी। 15 नगर निगमों जिनमें अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट शामिल हैं के साथ 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों में कुल 9,992 स्थानीय प्रतिनिधि मैदान में हैं। 4.18 करोड़ से अधिक मतदाता फैसला देंगे।

मतदान के दौरान अलग-अलग जगहों में हार्ट अटैक से तीन लोगों की मौत हो गई। पाटण शहर में कमलाबेन वोटिंग के दौरान जमीन पर गिर गईं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

आणंद जिले के संसेज गांव में बूथ पर तैनात अमितभाई सोलंकी अचानक बेहोश हो गए। उन्हें तारापुर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वहीं, जामनगर नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट नरेंद्रसिंह जडेजा अचानक जमीन पर गिर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

पिछले चुनाव में बीजेपी ने 8,470 में से 6,236 सीटें जीती थीं साल 2021 के स्थानीय चुनाव में इखढ ने शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी नगरपालिकाओं की 8,470 सीट में से 6,236 सीट जीती थीं। इखढ ने तब सभी छह नगर निगमों के अलावा 81 नगरपालिकाओं, 32 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों पर अपना दबदबा बनाए रखा था।

वहीं, अहमदाबाद में ओवैसी की पार्टी के 7 पार्षद चुने गए थे। आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात की राजनीति में एक मजबूत तीसरी ताकत के रूप में एंट्री की थी। सूरत नगर निगम में आप ने 120 में से 27 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। इस बार 5,000 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अन्य उम्मीदवारों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, एआईएमआईएम और निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं।

### चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने 32 सीटें गंवाई

नवसारी जिले में पार्टी द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आधिकारिक मैंडेट जमा न कर पाने के चलते कांग्रेस को जिले में कुल 32 सीटों से हाथ धोना पड़ा है। कांग्रेस ने गणदेवी नगरपालिका के 6 वार्डों की 24 सीटों के लिए 18 उम्मीदवार उतारे थे।

हालांकि, फॉर्म जमा करने के आखिरी दिन शहर कांग्रेस अध्यक्ष दोपहर 3:10 बजे मैंडेट लेकर पहुंचे। चुनाव अधिकारी ने मैंडेट स्वीकार करने से यह कहते हुए इनकार किया कि 3 बजे की समय सीमा बीत चुकी है। नतीजतन, कांग्रेस के सभी 18 नामांकन फॉर्म खारिज हो गए।

### आरक्षण का क्या असर?

जातीय समीकरण में इस बार के चुनाव का सबसे बड़ा कारक ओबीसी आरक्षित सीटों का नया रोटेशन है। 10 हजार में से 2286 सीटें ओबीसी के लिए आरक्षित हैं, जबकि 5 हजार सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। विधानसभा 2027 का सेमीफाइनल गुजरात विधानसभा 2027 के चुनाव में 20 महीने बाकी हैं। यह चुनाव उसका सेमीफाइनल माना जा रहा है। हर बार स्थानीय चुनावों में भाजपा का ग्राफ बढ़ता गया है और उसी तरह विधानसभा में सीटें भी बढ़ी हैं। पिछली स्थानीय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने सूरत सहित कुछ क्षेत्रों में सीटें हासिल की थीं। कांग्रेस और आप को कितनी सीटें मिलेंगी, यह देखना दिलचस्प रहेगा। विपक्ष के वोटों के बंटवारे का फायदा भाजपा को हो सकता है।

## धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- मैं माफी मांगता हूं: छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में दिया था विवादित बयान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास स्वामी के बारे में अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में घिरे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने माफी मांग ली।

रविवार को नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- कुछ लोगों ने मेरे बयान का गलत अर्थ निकाला। मैं जिस स्वराज और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा का सम्मान करता हूं, उसमें छत्रपति शिवाजी महाराज का स्थान सर्वोच्च है। उनके बारे में नकारात्मक बोलना तो दूर, मैं ऐसा सपने में भी नहीं सोच सकता।

उन्होंने आगे कहा- संदर्भ बिल्कुल अलग था। छत्रपति शिवाजी महाराज की संतों और अपने गुरु समर्थ रामदास स्वामी के प्रति गहरी निष्ठा थी। हम एक शिष्य की अपने गुरु के प्रति भक्ति के बारे में बात कर रहे थे। ठीक वैसे ही जैसे महाभारत में अर्जुन ने भगवान कृष्ण से कहा कि वह अपने ही लोगों से युद्ध नहीं करेंगे, तब कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। हमारा उद्देश्य केवल छत्रपति शिवाजी महाराज की महानता को उजागर करना था कि वे संतों के प्रति कितने गहरे रूप से समर्पित थे, लेकिन एक छोटा सा अंश संदर्भ से काटकर फैला दिया गया।

### क्या था विवादित बयान?

नागपुर के एक कार्यक्रम में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शिवाजी महाराज को लेकर एक दावा किया था। उन्होंने कहा था कि शिवाजी महाराज युद्धों से थक गए थे। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को त्यागने की इच्छा जताई थी। शास्त्री के अनुसार, महाराज अपना मुकुट लेकर गुरु समर्थ रामदास के पास पहुंचे थे।

शिवाजी महाराज ने अपना मुकुट उनके चरणों में रख दिया था। शास्त्री ने यह भी कहा था कि तब गुरु रामदास ने मुकुट वापस शिवाजी के सिर पर रखा और उन्हें सिखाया कि थकान के बावजूद अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना ही सच्ची सेवा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा- कुछ लोगों ने मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया। हम उन लोगों की आलोचना कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे, जिनके स्वराज्य ने हमें 'हिंदू राष्ट्र' स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। मैंने अपने शब्दों में महाराज और संतों के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास किया था।

## दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, आग लगी:6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की छ147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1:08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। रहक्र एयरलाइन ने एक बयान में कहा, हमें दिल्ली में फ्लाइट छ147 से जुड़ी घटना के बारे में जानकारी मिली है। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस अ330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है। जैसे ही विमान टेकऑफ करने के लिए रनवे में आया। विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर से धुआं निकलता देखा गया। इसके बाद तुरंत फ्लाइट को रोक दिया गया। एयरलाइन ने कहा, हमारी स्थानीय टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों की देखभाल कर रही हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इस मामले पर काम कर रहे हैं। इस घटना के कारणों को पूरी तरह से समझने के लिए हमारी टीम जल्द ही दिल्ली जाएगी। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पिछले 10 दिनों में विमान हादसे की दूसरी बड़ी घटना है। 16 अप्रैल को स्पाइसजेट और अकासा एयर के विमान आपस में टकरा गए थे।

### पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री बोले- भाजपा की जीत तय

# टीएमसी सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं; कोलकाता में काली मंदिर गए, रोड शो किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बनगांव और हुगली के हरिपाल में रैली की। उन्होंने बनगांव में कहा, ह्यपहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है। दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है।

पीएम ने कहा, 15 साल पहले टीएमसी ह्यमां, माटी, मानुष का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कोलकाता के एतिहासिक 300 साल पुराने थंथनिया कालीबाड़ी मंदिर में मां सिद्धेश्वरी काली के दर्शन किए। यह मंदिर कोलकाता के सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इसके बाद उन्होंने रोड शो किया।



विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तर 24 परगना के जगदल में सोमवार देर रात भारी तनाव फैल गया। जगदल थाने के अंदर ही भाजपा नेता अर्जुन सिंह और तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा उम्मीदवार राजेश कुमार रात करीब 10 बजे जगदल थाने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वह ममता बनर्जी के नाम पर दर्ज एक मामले की कॉपी लेने थाने गए थे।

### यूक्रेन की फ्रंटलाइन पर ओलेक्सी

# बम धमाके, मिसाइलें और गोलियां भी नहीं रोक पाईं, सरहद तक चिट्ठियां-पार्सल पहुंचा रहे पोस्टमैन ओलेक्सी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खारकीव (यूक्रेन)



आसमान से कब मिसाइल गिर जाए, कोई नहीं जानता। ऐसे खतरे के बीच 37 साल के पोस्टमैन ओलेक्सी क्लोचकोवस्की रोज ट्रक लेकर निकलते हैं। वे सैनिक नहीं हैं, बल्कि प्राइवेट पोस्टल सर्विस नोवा पोष्टा के ड्राइवर हैं। पिछले चार साल से वे उन इलाकों में पार्सल पहुंचा रहे हैं, जहां जाने से कई बार सेना भी बचती है। रूसी हमलों में उनके तीन ट्रक जल चुके हैं, लेकिन उनके चेहरे की मुस्कान आज भी बरकरार है।

ओलेक्सी ट्रक चलाते वक्त संगीत नहीं सुनते। उनके दाएं कान में सिर्फ फोन कॉल के लिए ईयरफोन रहता है, जबकि बायां कान हमेशा खुला रखते हैं। वे कहते हैं, ड्रोन की आवाज सुनना जरूरी है। पिछली गर्मियों में इसी सावधानी की वजह से उनकी जान बच पाई। उन्होंने ड्रोन की आवाज सुनी और तुरंत ट्रक रोक दिया। कुछ ही सेकंड बाद ड्रोन उनके सामने फट गया। वे बताते हैं कि अगर उस वक्त म्यूजिक चल रहा होता, तो शायद वे जिंदा नहीं होते।

ओलेक्सी को हर माह करीब 450 डॉलर (लगभग 38 हजार रुपए) मिलते हैं, लेकिन वे इसे सिर्फ नौकरी नहीं मानते। उनके ट्रक में दरवाजे के पास हमेशा ट्रॉमा किट रखी होती है, जिसमें खून रोकने की दवाएं और पेनकिलर मौजूद रहते हैं।

### डर लगता है, पर रुकना मुमकिन नहीं

लगातार बमबारी के तनाव ने ओलेक्सी को कई बार तोड़ा भी है। पिछले साल उन्हें हल्का स्ट्रोक आया था, लेकिन अस्पताल से निकलते ही वे फिर काम पर लौट आए। वे कहते हैं, हम स्टील के नहीं बने हैं, डर सबको लगता है। लेकिन अगर मैं यह काम नहीं करूंगा, तो शायद कोई और भी नहीं करेगा। ड्राइविंग ही मेरी जिंदगी है ह्ल जब भी हवा में सायरन गूंजता है, ओलेक्सी सबसे पहले अपनी बुजुर्ग मां को फोन करते हैं। मां को अब इसकी आदत हो गई है। उन्हें पता है कि उनका बेटा उस जगह है, जहां जिंदगी और मौत के बीच सिर्फ एक ह्यट्रकह्ल का फासला है।

### जंग के बीच लोगों के लिए लाइफलाइन बना डाकिया ओलेक्सी

जंग से तबाह इलाकों में जब दुकानें बंद हो जाती हैं और जिंदगी ठहर जाती है, तब नोवा पोष्टा की शाखाएं ही उम्मीद की एकमात्र जगह बनती हैं। 2022 से अब तक ड्यूटी के दौरान कंपनी के 16 कर्मचारी मारे जा चुके हैं और 400 से ज्यादा ऑफिस तबाह हो चुके हैं। फिर भी लोग यहां पार्सल लेने, फोन चार्ज करने और अपने परिवार को यह बताने आते हैं कि वे अभी जिंदा हैं।

## माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत:कल घर पर सुसाइड कार से हमला हुआ

माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया।

हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए। यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रॉयटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन खठक्ट और तुआरेग विद्रोही समूह ऋछअ का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया।

इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई। बमाको, गाओ, किदाल और सेवरे समेत कई शहरों में गोलीबारी और धमाकों की खबरें सामने आई हैं।

सादियो कामारा सैन्य सरकार के प्रमुख नेताओं में थे और उनकी मौत को सरकार और सेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। रक्षा मंत्री सादियो कामारा माली की सैन्य सरकार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पेशे से सैन्य अधिकारी थे और लंबे समय तक सेना में सेवा देने के बाद शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचे। 2020 और 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद उनका कद तेजी से बढ़ा और वे सत्ता के केंद्र में आ गए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने माली की सुरक्षा नीति तय करने में अहम भूमिका निभाई। कामारा को माली और रूस के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों का प्रमुख सूत्रधार माना जाता था। उनके कार्यकाल में माली ने फ्रांस और पश्चिमी देशों से दूरी बनाकर रूस के साथ सहयोग बढ़ाया।

### ईरानी संसद के स्पीकर बोले- सप्लाई और डिमांड बराबर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने तेल बाजार और क्षेत्रीय हालात को लेकर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में किसी एक पक्ष की पूरी बढ़त नहीं है। गालिबाफ ने बताया कि होर्मुज, तेल पाइपलाइन और एनर्जी सप्लाई जैसे फैक्टर अभी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हुए हैं, जबकि दूसरी ओर रणनीतिक तेल भंडार से रिलीज और महंगाई के कारण मांग में कमी जैसे कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में तेल कीमतों में और बदलाव संभव है। साथ ही ह्यसमर वैकेशनह्ल का जिक्र करते हुए उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर कहा कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो इसका असर आम लोगों की जिंदगी, खासकर यात्रा और खपत पर पड़ सकता है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रविवार शाम एक बार फिर से इस्लामाबाद पहुंचे। वे उनकी 24 घंटे के भीतर दूसरी बार पाकिस्तान यात्रा है।

# ट्रम्प बोले- ईरान के पास बहुत कम वक्त बचा है

### 3 दिन में सीजफायर की शर्त नहीं मानी तो तेल पाइपलाइन ब्लास्ट हो जाएंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है।

उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है। ट्रम्प के मुताबिक, अगर ऐसा हुआ तो पाइपलाइन को



पहले जैसी हालत में दोबारा बनाना लगभग नामुमकिन होगा और उसकी क्षमता भी काफी घट जाएगी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची सोमवार को मॉस्को दौरे पर व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली के मुताबिक, इस बैठक में अराघची रूसी अधिकारियों के साथ चल रही बातचीत, संभावित सीजफायर और मौजूदा हालात पर चर्चा करेंगे।

## न्यूक्लियर और होर्मुज पर समझौते से इनकार

ईरान ने अमेरिका के साथ समझौते को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उसने कहा है कि न्यूक्लियर कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, यह संदेश पाकिस्तान के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया गया है। ईरान ने इन दोनों मुद्दों को अपनी ह्यरेड लाइनह्ल बताया है और कहा है कि इन पर किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं है। साथ ही, यह भी साफ किया कि यह कोई औपचारिक बातचीत नहीं है, बल्कि अपनी स्थिति साफ करने की एक कूटनीतिक पहल है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस पूरे मामले में तय सीमाओं के भीतर रहकर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

## एकल घर खरीद की सबसे बड़ी डील, रिनात ने 5 हजार करोड़ का खरीदा घर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूक्रेन

यूक्रेन के सबसे अमीर व बैंकिंग कारोबारी रिनात अख्मेतोव (59) ने यूरोपीय देश मोनाको के मारेटेरा में 5,137 करोड़ रु. में पांच मंजिला अपार्टमेंट खरीदा है। 2024 में हुई ये डील इतिहास की सबसे बड़ी एकल आवासीय डील में से एक है। यह खुलासा हाल ही में मोनाको के संपत्ति रिकॉर्ड और लीक ईमेल की जांच के बाद हुआ है। खदान मजदूर के बेटे से 73,328 करोड़ रुपए की नेटवर्थ खड़ी करने के पीछे अथक प्रयास हैं।

रिनात का जन्म 1966 में यूक्रेन के डोनेत्स्क में हुआ। मजदूर परिवार से होने के चलते बचपन तंगहाली में बीता। 215 वर्गफुट फीट का घर था, जिसमें शौचालय और पानी की सुविधा नहीं थी। एक बार डॉक्टर को दिखाकर वे मां के संग लौट रहे थे। रास्ते में उनकी नजर मां के खाली बटुए पर पड़ी। यह देख रिनात बहुत दुखी हुए। तभी उन्होंने ठान लिया कि एक दिन वो बड़े फुटबॉलर बनेंगे और मां का पर्स पैसों से भर देंगे। 29 साल बाद वे फुटबॉल क्लब ह्यएफसी शाख्तार डोनेत्स्कह्ल के प्रेसिडेंट बने।

90 के दशक में रिनात ने ह्यआर्सह्ल कंपनी बनाकर कोयला व्यापार शुरू किया और यहीं से पहली बार 10 लाख रु. कमाए। इसके बाद एनर्जी, बैंकिंग, स्टील क्षेत्रों से जुड़े। अभी इनकी होल्डिंग कंपनी सिस्टम कैपिटल मैनेजमेंट है। 2000 के दशक में रिनात अरबपति बने, तो बचपन की पुरानी झोपड़ी वाली जगह पर मां को तोहफा देते हुए बड़ा महल बनवा दिया।

2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही रिनात ने अपने स्टील प्लांट्स का काम बदलकर टैंक रोधी अवरोध, बंकर और स्टील शेल्टर बनाने शुरू किए। इस दौरान 1.70 लाख बुलेटप्रूफ जैकेट तैयार कर सेना को मुफ्त में दान दिए।

### 2011 में लंदन का सबसे महंगा पेंटहाउस भी खरीदा था

2011 में रिनात ने लंदन के वन हाइड पार्क में दो अपार्टमेंट्स खरीदे और उन्हें मिलाकर एक आलीशान पेंटहाउस बनवाया। इसकी कीमत उस समय लगभग ?930 करोड़ से अधिक थी। ये तब ब्रिटेन के इतिहास की सबसे महंगी आवासीय खरीद भी थी। रिनात के पास 5,510 करोड़ रु. कीमत की यॉट भी है।

### अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।


रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर का पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया। ये दोनों ईरान से बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने वाले थे। फॉक्स न्यूज से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान बातचीत करना चाहता है, तो वह खुद अमेरिका से संपर्क कर सकता है।


पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में पहले दौर की बातचीत हुई थी। 21 घंटे तक यह वार्ता चलने के बावजूद नाकाम हो गई थी। दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल और न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी।

अमेरिका चाहता है कि यहां से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह खुली और सुरक्षित रहे, ताकि तेल सप्लाई में रुकावट न हो। वहीं ईरान इस इलाके पर अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है और इसे बातचीत में दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल करता है।

इसके अलावा अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करे, ताकि वह परमाणु हथियार न बना सके। लेकिन ईरान कहता है कि उसका प्रोग्राम सिर्फ शांतिपूर्ण (जैसे बिजली बनाने) के लिए है और वह इसे बंद नहीं करेगा।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

## पिछले सूडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. देवर्षि, देवमुनि-3
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | न | कट | र | ■ | ग | ज | ग | ■ |
| ला | त | ■ | बी | ■ | ज | ■ | ह | क |
| हा | ■ | या | या | व | र | ■ | ■ | ल |
| र | स | द | ■ | थ | ■ | प | ला | श |
| ■ | ■ | ग | ल | ■ | जी | त | ■ | ■ |
| क | हा | र | ■ | अ | ■ | इ | र | न |
| हा | ■ | ■ | ग | ठ | जो | इ | ■ | म |
| नी | र | ■ | म | ■ | क | ■ | ना | व |
| ■ | ब | द | न | ■ | र | ह | ब | र |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 2 | | 15 | | 3 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 20 | | 2 | | 12 | = | 38 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 10 | | 5 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 33 | | 22 | | 5 | | 15 | = | 12 / 70 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | क | दो | चु | ला | प | ब | रे | ली | झ | क |
| ज | ल | ल | प | आ | रिं | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | सं | ग | ल | श | र | न | ल |
| क | कु | दा | म | धा | व | रा | प | ख | श | र |
| क | ति | ब | न | पु | क | र | ल | ग | वी | इ |
| ब | स्ती | ल | लि | व | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ला |
| ती | अ | ल | श | या | प | म | ग | कौ | ला | ह |
| क | ली | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | बा |
| क | ग | थो | तें | व | ज | ज | द | शा | जू | द |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | वें | प | रु |
| थो | त | सा | वि | ज | नौ | र | जा | एं | प | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पप्पू अपनी पत्नी से-
अच्छा ये बताओ 'बिदाई' के समय तुम
लड़कियां इतनी रोती क्यों हो?
पत्नी- 'पागल' अगर तुझे पता चले...
अपने घर से दूर ले जाकर कोई तुमसे 'बर्तन मंजवाएगा' तो तू क्या नाचेगा...

0000000000

जज : घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर : साहब, आपकी नौकरी अच्छी है, और सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?

0000000000

पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गयी
और तू यहीं पर बैठा है'
पप्पू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया'

0000000000

पति- पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...!
मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी
बस इसी से काम चला लो..

0000000000

टीचर- टिटू बताओ..
अकबर ने कब तक
शासन किया था ?
टिटू- सर जी..
पेज नंबर 14 से लेकर
पेज नंबर 22 तक..।

0000000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# वॉशिंगटन में डिनर के दौरान फायरिंग, ट्रम्प को सुरक्षित निकाला, चश्मदीद बोले- 7 राउंड फायरिंग

**अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बडे.अफसर मौजूद थे।**

**न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया।**

**हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।**

## गेस्ट टेबल के नीचे छिपे; हमलावर पकड़ाया

रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में ह्यटीचर ऑफ द मंथह्ल चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। पिछले साल कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी। फेडरल इलेक्शन कमीशन के रिकॉर्ड के मुताबिक, एलन ने अक्टूबर 2024 में कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव अभियान को 25 डॉलर का चंदा दिया था।




## फायरिंग के बाद: सुरक्षाकर्मियों ने ट्रम्प को सुरक्षित बाहर निकाला

### जहां कार्यक्रम, उसी होटल में ठहरा था हमलावर

पुलिस विभाग के अंतरिम चीफ जेफरी कैरोल के मुताबिक, हमलावर उसी होटल में मेहमान था, जहां व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट का डिनर कार्यक्रम हो रहा था। जिस कमरे में वह ठहरा था, पुलिस उसकी भी जांच कर रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। वॉशिंगटन डीसी की मेयर ने बताया कि हमलावर का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमेरिकी अटॉर्नी ने बताया कि हमलावर पर दो आरोप लगे हैं। पहला, हिंसक अपराध के दौरान हथियार इस्तेमाल करना। दूसरा, खतरनाक हथियार से फेडरल अधिकारियों पर हमला करना। हमलावर को सोमवार को फेडरल अदालत में पेश किया जाएगा।

### ट्रम्प बोले- आज की शाम काफी हलचल भरी रही



ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, वॉशिंगटन में आज की शाम काफी हलचल भरी रही। सीक्रेट सर्विस और लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने शानदार काम किया। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की। हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि कार्यक्रम जारी रखें।

**लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं-** प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहत जताई कि राष्ट्रपति ट्रम्प, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित है।

## फायरिंग के दौरान डिनर में मौजूद


डोनाल्ड ट्रम्प, राष्ट्रपति


मेलानिया ट्रम्प,फर्स्ट लेडी


जेडी वेंस, उपराष्ट्रपति


काश पटेल, F.B.I. के डायरेक्टर


स्कॉट बेसेंट, ट्रेजरी सेक्रेटरी


कैरोलिन लेविट, प्रेस सेक्रेटरी


शॉन डफी, ट्रांसपोर्टेशन सेक्रेटरी


तुलसी गब्बार्ड, नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर


स्टीवन चेउंग, व्हाइट हाउस कम्युनिकेशन डायरेक्टर


मार्को रुबियो, विदेश मंत्री


पीट हेगसेथ, रक्षा सचिव



■ वर्ष-12 अंक-173 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 27 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य।
कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम्।।

**भावार्थ** : किस आदमी का दिमाग एक विद्वान और विनम्र आदमी को नहीं लूटता है? सोना और रत्न का संयोग किसकी आंखों को सुख नहीं देता?

**सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः।**
**अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु।।**

**भावार्थ** : अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है।

## बोर्डेन स्पष्टीकृतं यत् द्वितीय परीक्षायाः संचालनानन्तरं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अस्मिन् वर्षे बोर्डेन समग्ररूपेण ९३.७०% उत्तीर्णता प्रतिशतं प्राप्तम्, यत् गतवर्षे ९३.६६% उत्तीर्णतायाः तुलने सीमान्तसुधारः अस्ति। सांख्यिकीनां लिङ्ग-वार-विश्लेषणेन ज्ञायते यत् महिलाछात्राणां उत्तीर्णता प्रतिशतं ९४.९९% आसीत्, यदा तु पुरुषछात्राणां उत्तीर्णता प्रतिशतं ९२.६९% इति अभिलेखिता परन्तु पूर्ववर्षस्य तुलने हिजड़ानां अभ्यथीनां कार्यप्रदर्शने किञ्चित् न्यूनता दृश्यते। सीबीएसई-द्वारा प्रवर्तिता एषा द्वि-फलक-परीक्षा-व्यवस्था तेषां छात्राणां कृते प्रमुखा राहतरूपेण आगच्छति ये प्रथमपरीक्षायाः परिणामेण पूर्णतया सन्तुष्टाः न आसन्। बोर्डेन स्पष्टीकृतं यत् द्वितीयपरीक्षायाः संचालनानन्तरं एव परिणामस्य अन्तिमरूपेण निर्धारणस्य, ग्रेडिंगस्य च प्रक्रिया सम्पन्नं भविष्यति। अन्तिमश्रेणीनिर्धारणाय मुख्यपरीक्षायाः द्वितीयपरीक्षायाः।

## सम्पादकीयम्

### एकं आरोपितं युद्धम्ः

सऊदी अरबस्य वृत्तिः अपि महत्त्वपूर्णा सिद्धा भविष्यति, यतः पूर्वं राज्येन इरान् विरुद्धं अमेरिकीसैन्यप्रहारस्य समर्थनं कृतम् इति ज्ञायते। इजरायलस्य दुविधा : शनिवासरे इराणसमर्थिताः हुथीविद्रोहिणः अपि मैदानं प्रविष्टवन्तः, येन पूर्वमेव जटिला स्थितिः अधिका जटिला अभवत्। यद्यपि इजरायल्-देशः बहुमोर्चेषु युद्धं कर्तुं सज्जः इति वदति तथापि वर्तमानपरिस्थितिः पूर्वकालात् भिन्ना अस्ति, महत्त्वपूर्णानि आव्हानानि च प्रस्तुतानि सन्ति। लेबनानदेशे हिजबुल-सङ्घस्य सङ्घर्षः निरन्तरं वर्तते, गाजा-देशे तु पर्याप्तसैन्यसम्पदः नियोजिताः सन्ति। फलतः इजरायल्-देशे दबावः वर्धमानः दृश्यते। अमेरिकी स्वास्थ्य संस्थान अमेरिकादेशे क्रोधः अस्य संघर्षस्य विश्वे हानिकारकः प्रभावः भवति। यद्यपि डोनाल्ड ट्रम्पः प्रक्षेपणं कर्तुं प्रयतते यत होर्मुज जलसन्धिस्य बन्दीकरणेन अमेरिकादेशे कोऽपि प्रभावः न भविष्यति तथापि तत्रत्यानां गैसस्य मूल्येषु ३५% पर्यन्तं वृद्धिः अभवत्, यूरोपे तु ८०% यावत् वृद्धिः अभवत् ट्रम्पः कार्यकाले एकवर्षचतुर्थांशमपि न सम्पन्नवान् इति तुच्छः विषयः, तथापि तस्य तृतीयस्य 'न मम राष्ट्रपतिः' इति सभायाः सामना कर्तव्यः एव अस्ति। अस्मिन् समये न केवलं सम्पूर्णे अमेरिकादेशे अपितु कतिपयेषु यूरोपीयराष्ट्रेषु अपि ट्रम्पविरोधिविरोधाः अभवन्। एकं आरोपितं युद्धम्ः शान्तिवातालपिषु स्वविश्वासं स्थापयितुं न अपि तु अमेरिका-देशः इजरायल्-देशः च-परिणामस्य पूर्णज्ञानेन-जानी-बुझकर द्वन्द्वस्य मार्गं चिनोति स्म अस्य निर्णयस्य मूल्यं अधुना जगत्।

'भूत बाङ्ला' प्रथमसप्ताहे बक्स आफिस इत्यत्र

# स्वस्य मेटलं दर्शयति; चलचित्रं ८२ कोटिरूप्यकाणां चिह्नं पारयति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

बालिवुड् सुपरस्टार अक्षयकुमारस्य निर्देशकस्य प्रियदर्शनस्य च युगलयोः पुनः एकवारं बक्स् आफिस इत्यत्र जादुः कृतः। भयानक-हास्य-चलच्चित्रं 'भूत बाङ्ला' इत्यनेन सप्तमदिनस्य माध्यमेन तारकीयं प्रदर्शनं कृतम्, यत् घरेलुबाजारे 82.32 कोटिरूप्यकाणां कुलशुद्धसङ्ग्रहं अतिक्रान्तवान्। गतशुक्रवासरे सिनेमागृहेषु प्रदर्शितं चलच्चित्रं 'धुरन्धर 2' इत्यादिभ्यः अन्येभ्यः प्रदर्शितेभ्यः कठोरप्रतिस्पधार्याः सामनां कृत्वा अपि प्रथमसप्ताहे सफलतया दृढं पदं स्थापयति। व्यापारजालस्थलस्य इत्यस्य आँकडानुसारं गुरुवासरे रात्रौ 8 वादनपर्यन्तं भारते अस्य चलच्चित्रस्य प्रायः 3.42 कोटिरूप्यकाणि अर्जितानि आसन्। चलच्चित्रस्य सुदृढः आरम्भः अभवत्, प्रीमियरतः 3.75 कोटिरूप्यकाणां शुद्धसङ्ग्रहः, उद्घाटनदिने च 12.25 कोटिरूप्यकाणां शुद्धसङ्ग्रहः अभवत्। सप्ताहान्ते गतिं प्राप्य शनिवासरे 19 कोटिरूप्यकाणि, रविवासरे 23 कोटिरूप्यकाणि च प्राप्तवन्तः। सोमवासरे मानक-अवरोहस्य अनन्तरम् अपि अस्य चलच्चित्रस्य ६.७५ कोटिरूप्यकाणि अर्जितानि, यदा तु मंगलवासरस्य बुधवासरस्य च आकङ्क्षाः क्रमशः 8 कोटिः, 6.15 कोटिरूप्यकाणि च अभवन्

अस्य चलच्चित्रस्य सफलतायाः परिमाणं अस्य तथ्यस्य आधारेण ज्ञातुं शक्यते यत्, केवलं प्रथमसप्ताहस्य अन्तः एव, वरुणधवनस्य 'भेडिया' (68.99 कोटि) राजकुमारराव-जान्हवीकपूर अभिनीतस्य 'रूही' (28.70 कोटि) च आजीवनसङ्ग्रहान् अतिक्रान्तवान् एषा उपलब्धिः विशेषतया महत्त्वपूर्णा यतः 'भूतबाङ्ला' इति 2007 तमे वर्षे निर्मितस्य सुपरहिट् चलच्चित्रस्य 'भूल भुलैया' इत्यस्य अनन्तरं अक्षयकुमारस्य प्रियदर्शनस्य च द्वितीयं भयानक-हास्य-सहकार्यं भवति अक्षयकुमारस्य पार्श्वे अस्मिन् चलच्चित्रे ताबू, वामिका गब्बी, परेश रावल, राजपाल यादव, जिशु सेनगुप्त इत्यादयः अनुभविनो अभिनेतारः सन्ति अस्य चलच्चित्रस्य निमार्णं अक्षयकुमारः, एकता कपूरः, शोभाकपूरः च बालाजी मोशन पिक्चर्स्, केप् आफ गुड् फिल्म्स् इत्येतयोः बैनरेण कृता अस्ति। भूत बांगला इत्यनेन सह हिन्दी-सिनेमा अपि दिग्गज-अभिनेता असरानी-महोदयाय हृदयेन श्रद्धांजलिम् अर्पितवती अस्ति। 2025 तमस्य वर्षस्य अक्टोबर्-मासस्य 20 दिनाङ्के 84 वर्षे विश्वस्य विदां कृतवान् असरानी अस्मिन् चलच्चित्रे महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति।

सैमसंग-नगरस्य ४०,०००

# कर्मचारिणां प्रमुख हड़तालस्य खतरा एआइ चिप् उत्पादनस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स इत्यस्य वैश्विकमाङ्गस्य वर्धमानस्य मध्यं सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स-विश्वस्य बृहत्तमः चिप्-निमार्ता-अधुना आन्तरिकसंकटस्य सामनां करोति दक्षिणकोरियादेशस्य प्योङ्गटाक-नगरे सैमसंगस्य विस्तृते अर्धचालकसङ्कुलस्य समीपे प्रायः ४०,००० कर्मचारिणः प्रबन्धनस्य विरुद्धं स्वस्य आक्रोशं प्रकटयितुं विशालसभां कृतवन्तः। कर्मचारिणां प्राथमिकमागधाः वेतनवृद्धिः, वर्तमानकाले कार्यप्रदर्शनबोनसस्य उपरि आरोपितस्य टोपीयाः निष्कासनं च सन्ति। इदं प्रदर्शनं कम्पनीयाः इतिहासे श्रमशक्तिस्य बृहत्तमेषु प्रदर्शनेषु अन्यतमम् इति गण्यते-एकस्य टेक-विशालकायस्य कृते महत्त्वपूर्णा आव्हानं यत दीर्घकालं यावत् श्रम-आन्दोलनैः बहुधा अस्पृष्टम् अस्ति।

अस्य विवादस्य मूलं कम्पनीयाः तारकीयवित्तीयप्रदर्शनस्य युग्मस्थापनं, तस्याः कर्मचारिणां मध्ये वर्धमानः असन्तुष्टिः च अस्ति एआइ-अन्तर्गत-संरचनायाः वर्धमान-माङ्गल्याः चालितः सैमसंग-संस्था महतीं लाभं लब्धवती अस्ति; तथापि एतेषां अर्जनस्य न्याय्यं भागं न प्राप्नुवन्ति इति कर्मचारिणः आरोपयन्ति। संघैः आग्रहः कृतः यत् कम्पनी स्वस्य वार्षिकसञ्चालनलाभस्य 15 प्रतिशतं प्रदर्शनबोनसरूपेण आवंटनं करोतु तथा च वर्तमानटोपीं पूर्णतया समाप्तं करोतु, यत् बोनसं कर्मचारिणः आधारवेतनस्य 50 प्रतिशतं यावत् सीमितं करोति। प्रबन्धनेन तावत्पर्यन्तं एतानि आग्रहाणि साक्षात् अङ्गीकृतानि, एषा वृत्तिः पक्षद्वयस्य मध्ये रोधं अधिकं गभीरं कृतवती अस्ति। कर्मचारिणां क्रोधे एकः प्रमुखः योगदानकर्ता कारकः अस्ति तेषां स्थितिः स्थानीयप्रतिद्वन्द्वी एसके हाइनिक्सस्य च स्थितिः।

## राशिफल

**मेष** : आज आपके अंदर काम करने की अच्छी ऊर्जा रहेगी। सुबह से ही मन करेगा कि सब जल्दी-जल्दी निपटा दें।

**वृषभ** : आज आपको लगेगा कि रोज का रूटीन थोड़ा भारी हो गया है। मन करेगा कुछ नया करने का।

**मिथुन** : आज कई काम और बातें एक साथ आ सकती हैं। हर जगह हां बोलने का मन करेगा, लेकिन यही गलती हो सकती है।

**कर्क** : कोई छोटी बात भी दिल को लग सकती है। आप बाहर से सब ठीक दिखाएंगे, लेकिन अंदर असर रहेगा।

**सिंह** : आज जिम्मेदारियां ज्यादा लग सकती हैं। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप संभाल लेंगे। बस खुद को ज्यादा थकाएं नहीं।

**कन्या** : आज जिम्मेदारियां ज्यादा लग सकती हैं। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप संभाल लेंगे।

**तुला** : आज आप छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देंगे और यही आपकी ताकत बनेगी। कोई भी काम करेंगे तो उसमें सुधार दिखेगा।

**वृश्चिक** : हर चीज के बारे में ज्यादा सोच सकते हैं। जरूरी है कि खुद को ओवरथिंकिंग से बचाएं।

**धनु** : आज मन थोड़ा असंतुलित रह सकता है। हर किसी को खुश करने की कोशिश में खुद की जरूरतें पीछे रह सकती हैं।

**मकर** : अगर कोई बात परेशान कर रही है, तो उसे सुलझाने की कोशिश करें। काम ठीक चलेगा, मन को हल्का रखना जरूरी है।

**कुंभ** : आज आपके दिमाग में कई प्लान आएंगे, लेकिन उन्हें पूरा करना ज्यादा जरूरी है। सिर्फ सोचते रहने से कुछ नहीं होगा।

**मीन** : आज मन थोड़ा ज्यादा संवेदनशील रहेगा। छोटी बात भी ज्यादा महसूस हो सकती है। इसलिए खुद को शांत रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 1 मई से खप्पर योग, इन 4 राशियों के जीवन में आएगा बड़ा बदलाव

1 मई से 29 जून तक प्रभावी रहने वाला यह योग कुछ लोगों के जीवन में उतार-चढ़ाव और चुनौतियाँ ला सकता है, इसलिए इस दौरान सावधानी और उचित उपाय अपनाना आवश्यक रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की बदलती चाल और उनकी युति से कई तरह के शुभ-अशुभ योग बनते हैं, जो मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं। वर्ष 2026 में एक ऐसा ही विशेष और चुनौतीपूर्ण योग बन रहा है, जिसे खप्पर योग कहा जा रहा है। यह योग 1 मई से शुरू होकर 29 जून तक प्रभाव में रहेगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस अवधि में कुछ राशियों के जीवन में उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। खास तौर पर कुछ राशियों के लिए यह समय अधिक सावधानी बरतने वाला माना जा रहा है। इसका असर उनके करियर, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो राशियां।

**कैसे बनता है खप्पर योग-** खप्पर योग तब बनता है जब ज्योतिष में माने जाने वाले अशुभ या क्रूर ग्रह एक विशेष स्थिति में आकर एक-दूसरे के साथ नकारात्मक संबंध बना लेते हैं। जब मंगल, शनि, राहु और केतु जैसे ग्रह किसी राशि में एक साथ प्रभाव डालते हैं या आपस में अशुभ दृष्टि बनाते हैं तो इस योग का निर्माण होता है। खासकर जब मंगल और शनि की टकराहट या पाप ग्रहों का एकत्रीकरण होता है, तब इसका प्रभाव और भी अधिक बढ़ जाता है। माना जाता है कि इस योग के दौरान मानसिक दबाव, आर्थिक अस्थिरता और जीवन में बाधाओं की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय घरेलू जीवन में उतार-चढ़ाव लेकर आ सकता है। परिवार के भीतर किसी बात को लेकर मतभेद बढ़ सकते हैं। छोटी-छोटी गलतफहमियां बड़े विवाद का रूप ले सकती हैं । इस दौरान धैर्य रखना बहुत जरूरी होगा क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया निर्णय रिश्तों को और अधिक जटिल बना सकता है। कार्यक्षेत्र में भी दबाव की स्थिति बनी रह सकती है। काम का बोझ बढ़ने से मानसिक थकान महसूस हो सकती है। कार्यों में मन कम लग सकता है। ऐसे समय में अपने काम को योजनाबद्ध तरीके से करना और सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाए रखना लाभकारी रहेगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय मानसिक रूप से थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। विचारों में उलझन बनी रह सकती है। अनावश्यक चिंता मानसिक तनाव को बढ़ा सकती है। आर्थिक रूप से भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। अचानक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। बचत पर असर पड़ सकता है। किसी भी प्रकार की नई योजना को शुरू करने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करना आवश्यक होगा। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें। छोटी सी समस्या भी परेशानी का कारण बन सकती है।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए यह अवधि कार्यक्षेत्र में रुकावटें और चुनौतियां लेकर आ सकती है। मेहनत के बावजूद परिणाम अपेक्षित रूप से न मिलने से निराशा हो सकती है। ऑफिस में वरिष्ठ अधिकारियों या सहकर्मियों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। ऐसे में वाणी पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी रहेगा। आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है। निवेश से जुड़े फैसलों में जल्दबाजी नुकसानदायक हो सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय भावनात्मक रूप से काफी संवेदनशील साबित हो सकता है। मन में अस्थिरता और बेचैनी महसूस हो सकती है। पारिवारिक जीवन में तनाव या किसी बात को लेकर दूरी की स्थिति बन सकती है। इससे मानसिक रूप से असर पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी सतर्कता जरूरी रहेगी। अनियोजित खर्च परेशानियां बढ़ा सकते हैं। इस समय शांत रहकर निर्णय लेना और भावनाओं में बहकर कोई कदम न उठाना सबसे बेहतर रहेगा।

## खबर एक नजर...

### कार में लगी आग को लेकर 2 पक्षों में चले पाईप-डंडे

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के बदनावर मार्ग शराब दुकान के सामने कार में लगी आग को लेकर राकेश पिता शोभाराम चौधरी निवासी मिठीखेड़ी और गजेन्द्र पिता गोवर्धनसिंह पंवार निवासी संगम चौराहा बड़नगर के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से पाइप डंडे चले, उनका परिवार भी विवाद में शामिल हो गया। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई सुनील देवके ने बताया कि राकेश की आई-20 कार खराब हो गई थी। उसने संधारण के लिये गजेन्द्र के गैरेज पर खड़ी की थी। रात में अचानक कार में आग लग गई और जल गई। गजेन्द्र ने आग लगने की सूचना राकेश को दी। राकेश परिवार के साथ गैरेज पहुंचा और गजेन्द्र पर आग लगाने की शंका जता कर विवाद किया। एएसआई के अनुसार मामले में आगजनी और मारपीट के दोनों मामलों में विवेचना की जा रही है।

### पारिवारिक विवाद में बहू ने सास के साथ की मारपीट

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के अमरपुरा में शनिवार रात अदिबा खान का पति जुनैद खान से पारिवारिक बात को लेकर विवाद हो गया था। अदिबा ने अपने मायके से परिजनों को बुला लिया। इस दौरान विवाद बढ़ता देख अदिबा की सास रेहाना पति अयुब खान बहू को समझाने पहुंची तो उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। रेहाना के साथ मारपीट होती देख पुत्र जुनैद बीच-बचाव के लिये आया तो पत्नी अदिबा और उसके परिजनो ने जुनैद को पीटा दिया। विवाद में रेहाना को ज्यादा चोंट लगने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। इस बीच बहू अपना सामान और बेटी को लेकर मायके चली गई। बहू की मारपीट में घायल सास के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पुलिस को मिली तो बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची।

### दुर्घटना में घायल 2 लोगों की मेडिकल कॉलेज में मौत

**उज्जैन।** नानाखेड़ा और झारड़ा थाना क्षेत्र में 24 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल 2 युवकों की उपचार के दौरान रविवार को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में संजय पिता अमरसिंह कुशवाह 37 साल निवासी रामवासा को इंदौररोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा था। जिसकी मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दूसरे मामले में मृतक शंकरलाल पिता हीरालाल मकवाना 35 साल निवासी बडौद आगर मामला होना सामने आया है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज की ओर से मिली सूचना पर शंकरलाल की मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि 2 दिन पहले झारड़ा में हुई दुर्घटना में घायल हुआ था। प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिंगाड ने बताया कि मर्ग डायरी झारड़ा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### बदनावर-बड़नगर मार्ग पर लोडिंग-तूफान में भिड़ंत

**उज्जैन।** बड़नगर-बदनावर मार्ग पर नयापुरा में लोडिंग वाहन और तूफान गाड़ी में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तूफान में सवार आयुष पिता शंकरलाल देवड़ा 21 साल, रीतू पिता रामलाल भील 19 साल, राधेश्याम पिता नंदराम 18 साल, कमलसिंह पिता पीरू भील 68 साल और शंभु पिता रामा भील 60 साल निवासी बिलपांक रतलाम घायल हो गये। सभी को उपचार के लिये बड़नगर अस्पताल में भर्ती किया। मामले में पुलिस ने लोडिंग चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला था।

2 4 9

### गिरफ्त में आये 6 फरार इनामी बदमाश, 3 चाकू लेकर घूमते मिले

# कॉबिंग गश्त में 295 वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ आमजन को सुरक्षित और भय मुक्त रखने के उद्देश्य से शनिवार-रविवार रात जिले में कॉबिंग गश्त की गई। तड़के तक चली गश्त में 295 स्थाई और गिरफ्तार वारंटियों को पकड़ा गया। 6 फरार इनामी बदमाश भी गिरफ्त में आ गये।





एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में शनिवार रात 11 बजे पूरे जिले में 600 पुलिसकर्मियों ने एक साथ मेगा कॉबिंग गश्त की शुरूआत की। गश्त का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित और भय मुक्त रखने के साथ काफी समय से फरार चल रहे स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ करना था। सुनियोजित और प्रभावी तरीके से शुरू की गई मेगा गश्त के दौरान जिले की पुलिस ने 185 स्थाई और 110 गिरफ्तार वारंटियों को उनके घरों और ठिकानों पर दबिश देकर शिकंजे में ले लिया। गश्त में संगीन मामलों में फरार चल रहे 6 इनामी बदमाश भी हिरासत में आ गये। रविवार तड़के 5 बजे तक चली गश्त के दौरान सभी थानों की लॉकअप वारंटियों, बदमाशों और संदिग्धों से भर गई थी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये इस प्रकार के विशेष अभियान जारी रहेंगे। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कॉबिंग गश्त से अपराधियों में पुलिस का भय व्याप्त हुआ है वही आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

**सूची में शामिल बदमाशों का किया सत्यापन-** रात में शुरू हुई गश्त के दौरान जहां वारंटियों और फरार बदमाशों की धरपकड़ की गई, वहीं पुलिस ने सूची में शामिल 250 से अधिक चिन्हित बदमाशों के घरों पर पहुंचकर उनका सत्यापन किया। बदमाशों की वर्तमान गतिविधियों का पता लगाया, उनकी आजीविका के स्त्रोत की जानकारी ली गई और सख्त हिदायत दी गई कि अपराध में शामिल पाये गये तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा। पुलिस ने 10 वसूली वारंट भी तामिल कराये और 50 से अधिक संपत्ति अपराधियों की जांच कर भवष्यि में अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी।

### तीन के पास थे चाकू चार ने तोड़े थे नियम

मेगा कॉबिंग गश्त पर निकली पुलिस एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों के साथ सड़कों पर दौड़ लगा रही थी वहीं गली-मोहल्लों में दिखाई देने वाले संदिग्धों की तलाशी ले रही थी। इस दौरान 3 युवकों के पास से चाकू बरामद हो गये। जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। यहीं नहीं रात में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 4 वाहन चालकों को पकड़ा गया। जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

## मौसम ने बदली करवट बूंदाबांदी हुई, बादलों ने बढाई उमस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शनिवार को 43 डिग्री पहुंच चुके तापमान के बाद रविवार दोपहर को मौसम ने करवट बदल ली। आसमान बादलों से घिरा दिखाई दिया, कुछ देर बूंदाबांदी हुई। जिसके चलते शाम को उमस बढ़ गई थी। इससे पहले शनिवार-रविवार रात न्यूनतम तापमान भी सीजन का सबसे अधिक 25.5 डिग्री दर्ज किया गया।

पिछले 2 दिनों से तापमान में तेजी दर्ज की जा रही थी। शनिवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था और तापमान 43 दर्ज किया। रविवार सुबह 10 बजे से ही सूरज की तपन काफी तीखी महसूस होने लगी थी। ऐसा लगने लगा था कि तापमान 44 डिग्री पहुंच जायेगा। लेकिन दोपहर में अचानक मौसम करवट बदला दिखाई दिया। आसमान में बादलों की मौजूदगी नजर आने लगी और सूरज ओझल सा हो गया, तभी तेज बूंदाबांदी की शुरूआत हुई। लेकिन सुबह से धरती इतनी अधिक गर्म थी कि बूंदे कुछ देर में सूख गई और उमस का वातावरण बना शुरू हो गया। शाम को उमस से घबराहट महसूस होने लगी थी। वैसे रविवार का अवकाश होने से बाजारों में पहले ही सन्नाटा था, जिसके चलते प्रमुख मार्गो को छोड़ अधिकांश मार्ग सूनसान बने हुए थे। पॉश कालोनियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। शाम को शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर दर्ज हुआ तापमान शनिवार के मुकाबले 0.5 डिग्री कम रहा। एक दिन पहले 43 डिग्री पहुंच चुके अधिकतम तापमान ने शनिवार-रविवार की रात भी काफी गर्म कर दी थी। जिसकी वजह से न्यूनतम में 3 डिग्री का उछाल आया और 25.5 डिग्री पहुंच गया। आर्द्रता का प्रतिशत सुबह 44 और शाम को 34 रहा।

**इंदौर-उज्जैन के बीच बारिश-** दोपहर उपरांत बादलों के डेरे ने इंदौर-उज्जैन के बीच कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की स्थिति निर्मित कर दी। कुछ देर हुई बारिश से तात्कालिक स्थिति में तो राहत महसूस हुई लेकिन बारिश के बंद होते ही उमस ने जोर पकड लिया और गर्म जमीन से मानों भाप निकलने के हालात से परेशानी पैदा हो गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एंटी साइक्लोन सकुर्लेशन महाराष्ट्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में सक्रिय हुआ है। जिसके चलते मौसम में बदलाव आया है।

## स्कूटी सवार 2 बदमाशों ने तोड़ा सूने मकान का ताला

### तिरूपति डायमंड में चोरी, रैकी करते कैमरों में हुये कैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर शनिवार-रविवार रात चोरी की वारदात हो गई। स्कूटी से आये 2 बदमाशों के फुटेज पुलिस को मिले है। रात 1.30 बजे बदमाशों ने इंजीनियर के मकान का ताला तोड़ा और लाखों के आभूषणों के साथ नगद राशि चोरी कर भाग निकले।

नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरूपति डायमंड कलोनी में विनय तंवर किराये के मकान में पत्नी के साथ निवास करते है। विनय इंदौर में इंजीनियर है और डेली अपडाउन करते है। उनकी पत्नी उज्जैन में शासकीय स्कूल की शिक्षिका है। शनिवार को दोनों इंदौर गये हुए थे, मकान पर ताला लगा हुआ था। सुबह आसपास के लोगों ने उनके मकान का ताला टूटा देखा तो विनय और उनकी पत्नी को जानकारी दी। दोपहर में दोनों उज्जैन लौटते तो घर का सामान बिखरा पाया, अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। चोरी की खबर मिलने पर नीलगंगा थाना एसआई वेदप्रकाश साहू टीम के साथ जांच के लिये तिरूपति डायमंड कालोनी पहुंचे। बदमाशों का पता लगाने के लिये फिंगर प्रिंट टीम को बुलाया गया। विनय तंवर के अनुसार बदमाश अलमारी में रखे 2 लाख रुपए नगद और लाखों के आभूषण चुराकर ले गये है। पुलिस ने मामले में विनय की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

### कैमरे में रैकी करते दिखे 2 बदमाश

बताया जा रहा है कि पुलिस ने वारदात करने वाले बदमाशों का पता लगाने के लिये कॉलोनी में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें स्कूटी पर सवार 2 बदमाश रात डेढ़ बजे के लगभग इंजीनियर के मकान पर धावा बोलते दिखाई दिये है। यहीं नहीं बदमाशों ने कालोनी के काफी देर तक रैकी भी की और सूने मकानों की टोह ली। एक बदमाश की पीठ पर बेग लटका हुआ भी दिखा है। उनकी गतिविधियां वहां लगे कैमरों के दिखाई दी है। रात का समय होने पर उनकी स्कूटी का नम्बर स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस बदमाशों के भागने वाले मार्ग पर लगे कैमरों को खंगाल रही है।

# अपने खेत में लगाई थी आग, पड़ोसी के खेत में मिली लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पराली जलाने के दौरान रविवार को दर्दनाक हादसा होना सामने आया। पराली की आग में खुद कृषक जिंदा जल गया। उसका शव पडोसी के खेत में मिला। घटनाक्रम सामने आने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।



उन्हेल मार्ग ग्राम सोडंग में रहने वाला रामेश्वर पिता लक्ष्मण आंजना 60 साल सुबह 11 बजे के लगभग घर से निकला था और बोला था कि पराली जलाने खेत पर जा रहा हूं। रामेश्वर का खेत भैरवगढ़ क्षेत्र के सारीबारी के समीप था। दोपहर तक रामेश्वर घर नहीं लौटा तो भतीजा दिनेश आंजना देखने के लिये खेत पर पहुंचा। जहां काफी ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। रामेश्वर के खेत के पास हकीम भाई के खेत में एक जली हुई लाश पड़ी थी। दिनेश ने शव देखा तो चाचा रामेश्वर का होना सामने आया। उसने हुलिये, कद काठी और जूतों से पहचान की। मामले की जानकारी मिलते ही भैरवगढ़ थाना एसआई सत्यनारायण प्रजापति, प्रधान आरक्षक योगेश मालवीय मौके पर पहुंच गये थे। जला हुआ शव चरकअस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम करने के बाद शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि दोपहर तक खाना खाने नहीं लौटे तो दिनेश देखने खेत पर गया था, खेत में पराली जल चुकी थी। परिजनों का यह भी कहना था कि कुछ समय पहले सिर में चोंट लगी थी उसके बाद से मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। एसआई प्रजापति ने बताया परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल शव अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंपा गया है।

### पडोसी के खेत तक फैली थी आग

आशंका जताई जा रही है कि रामेश्वर ने अपने खेत में पराली जलाई थी। हवा की वजह से पडोसी के खेत तक आग पहुंच गई थी। जहां सुकले का ढेर रखा हुआ था। रामेश्वर तार फेंसिंग क्रास कर पड़ोसी के खेत में लग रही आग बुझाने पहुंचा होगा उसी दौरान गिरने से वह भी आग की लपटों में घिर गया और उठ नहीं पाया। जिसके चलते शव पडोसी के खेत में मिला है। फिलहल मामला जांच में है, जिसके पूरी होने के बाद ही घटनाक्रम की सही स्थिति सामने आ पायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com